स्मृतिशेष DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# नहीं रहे भारत की बात सुनाने वाले मनोज कुमार



## 87 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

- मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में शुक्रवार तड़के हुआ निधन
- उम्र संबंधी बीमारियों के कारण काफी समय से अस्पताल में थे भर्ती
- 1960 और 1970 के दशक में बॉक्स ऑफिस पर कई हिट फिल्में दीं
- पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि, निधन पर सिनेमा जगत में शोक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

'भारत का रहने वाला हूं... भारत की बात सुनाता हूं...' गाने से देश-दुनिया में लोकप्रिय हुए दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार शुक्रवार को दुनिया से विदा हो गए। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में उन्होंने 87 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे और कुछ हफ्ते पहले अस्पताल में भर्ती हुए थे। देशभक्ति पर आधारित 'शहीद', 'उपकार' तथा 'पूरब और पश्चिम' जैसी यादगार फिल्मों में अभिनय के बाद वह हिंदी सिनेमा में 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर हुए थे। मशहूर अभिनेता कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने बताया कि उम्र संबंधी समस्याओं के कारण उनका कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में तड़के करीब साढ़े तीन बजे निधन हो गया। उनके पिता स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से पीड़ित थे और पिछले कुछ साल से बिस्तर पर थे। गोस्वामी ने बताया कि हाल में उन्हें निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब उन्हें पीड़ा से मुक्ति मिल गई। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें भारतीय सिनेमा का आदर्श बताया। वहीं सिनेमा जगत भी दिग्गज अभिनेता के जाने पर शोक में है।

### हिंदू कॉलेज से किया स्नातक

फिल्म जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'दादा साहब फाल्के' पुरस्कार से सम्मानित कुमार को 'दो बदन', 'रोटी कपड़ा और मकान', 'हरियाली और रास्ता', 'गुमनाम' और 'क्रांति' जैसी सफल फिल्मों के लिए भी जाना जाता था। उनकी फिल्मों ने 1960 और 1970 के दशक में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की। अविभाजित भारत के एबटाबाद शहर (अब पाकिस्तान) में एक पंजाबी हिंदू परिवार में जन्मे कुमार का बचपन में नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। उनका परिवार बाद में दिल्ली आ गया। इसके बाद उन्होंने हिंदू कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की और फिल्मों में करियर बनाने के लिए मुंबई आ गए।

### ऐसे बदला अपना नाम

अभिनेता कुमार ने वर्ष 2021 में एक साक्षात्कार में कहा था कि उन्हें 'शबनम' फिल्म में दिलीप कुमार द्वारा निभाया गया मनोज का किरदार इतना पसंद आया था कि उन्होंने अपना नाम बदलकर मनोज रखने का फैसला कर लिया। उन्होंने कहा, मुझे वह समय याद है, जब 1949 में रिलीज हुई फिल्म 'शबनम' में दिलीप कुमार साहब को देखने गया था। उनकी वजह से ही मैं सिनेमा का प्रशंसक बना। मुझे फिल्म में उनके किरदार से प्यार हो गया था। इस किरदार का नाम मनोज था। उस समय मेरी उम्र 11 साल रही होगी लेकिन मैंने तुरंत फैसला कर लिया कि अगर मैं कभी अभिनेता बना तो अपना नाम मनोज कुमार ही रखूंगा। अभिनेता बनने के कई साल बाद दिलीप कुमार ने मनोज कुमार की फिल्म 'क्रांति' में भूमिका निभाने के लिए हामी भरी।

### लाल बहादुर से प्रेरणा लेकर उपकार फिल्म बनाई

शहीद फिल्म ने तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी ध्यान खींचा था। शास्त्री के साथ बातचीत के दौरान कुमार के मन में उनके लोकप्रिय नारे 'जय जवान, जय किसान' से प्रेरणा लेकर फिल्म बनाने का विचार आया, जिसके बाद उन्होंने 'उपकार' फिल्म बनाई। यह उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी। यह फिल्म बेहद सफल रही और इसका गीत 'मेरे देश की धरती सोना उगले' अत्यंत लोकप्रिय हुआ। देशभक्ति और सामाजिक विषयों पर आधारित फिल्मों के प्रति उनके झुकाव के कारण वह 'भारत कुमार' के नाम से लोकप्रिय हुए।

### सम्मान और पुरस्कार



- 2016 : दादा साहेब फाल्के पुरस्कार
- 1992 : कला के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्मश्री
- कई बार फिल्मफेयर और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित
- भारतीय सिनेमा में देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के लिए विशेष सम्मान

### बेहतरीन फिल्में

- क्रांति (1981)
- शहीद (1965)
- उपकार (1967)
- रोटी, कपड़ा और मकान (1974)
- हरियाली और रास्ता (1962)
- शोर (1972)
- बेईमान (1972)

### अमर गीत...


- मेरे देश की धरती... (उपकार)
- भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं... (पूरब और पश्चिम)
- महंगाई मार गई... (रोटी, कपड़ा और मकान)
- मैं ना भूलूंगा... (रोटी, कपड़ा और मकान)
- नैना बरसे रिमझिम-रिमझिम... (वो कौन थी)



मनोज कुमार के निधन से बहुत दुखी हूं। वह भारतीय सिनेमा के आदर्श थे जिन्हें देशभक्ति की उनकी भावना के लिए विशेष रूप से याद किया जाता था और यह उनकी फिल्मों में भी झलकता था। कुमार की फिल्मों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को जगाया। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं।
**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



मनोज कुमार ने भारतीय सिनेमा पर अमिट छाप छोड़ी है। वह अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे। उन्होंने राष्ट्रीय नायकों, किसानों और सैनिकों के जिन प्रतिष्ठित चरित्रों को जीवंत किया, वे हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित रहेंगे। मैं उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं।
**- द्रौपदी मुर्मु,** राष्ट्रपति



मनोज कुमार ने अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा से भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया और लोगों में देशभक्ति की ज्वाला जगाकर उनके दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है।
**- अमित शाह,** गृह मंत्री



मनोज की फिल्में देशभक्ति और सामाजिक संदेश पहुंचाती थीं। दुख की इस घड़ी में मैं उनके परिवार और सभी प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।
**- राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष



मनोज को हमेशा देशभक्ति से भरपूर फिल्में बनाने के लिए याद किया जाएगा। उनकी सिनेमाई विरासत उनके कार्यों के माध्यम से जीवित रहेगी।
**- राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री



चार दशकों के करियर में दमदार अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार ने देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव पर बनी अपनी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता। पद्मश्री से सम्मानित मनोज को 'भारत कुमार' के नाम से जाना जाता था।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस



मैं दिग्गज अभिनेता 'भारत कुमार' को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाई। आज भी, 'मेरे देश की धरती' गीत हर स्वतंत्रता दिवस पर गर्व के साथ सुना जाता है। उनकी फिल्म 'पूरब और पश्चिम' ने विदेशों में कई रिकॉर्ड बनाए।
**- देवेंद्र फडणवीस,** मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ देश के कई राज्यों में विरोध-प्रदर्शन

- कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, हैदराबाद समेत कई शहरों में सड़क पर उतरे मुस्लिम समुदाय
- बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की, बैनर और पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन

**कोलकाता/हैदराबाद।** लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल पास हो गया है, लेकिन इस विधेयक के खिलाफ अल्पसंख्यक समुदाय के लोग सड़क पर उतर आए हैं। शुक्रवार को देश के कई राज्यों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बिल की खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कोलकाता (पश्चिम बंगाल), अहमदाबाद (गुजरात), हैदराबाद (तेलंगाना), बेंगलुरु (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु) और रांची (झारखंड) समेत कई शहरों में अल्पसंख्यक समुदाय ने प्रदर्शन कर बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की।



### अभिनेता विजय की पार्टी का भी प्रदर्शन

अभिनेता से नेता बने विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने वक्फ (संशोधित) विधेयक के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन किया और इसे वापस लेने की मांग की। टीवीके महासचिव एन. आनंद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयक के खिलाफ यहां एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने मदुरै, कोयम्बटूर, तिरुचिरापल्ली, थूथुकुडी और तंजावुर शहरों में भी विरोध किया। - पेज 8 पर देखें

### विभिन्न मुस्लिम संगठनों ने इस बिल को मनमाना बताया

जानकारी के अनुसार, कोलकाता में मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने पार्क सर्कस क्रॉसिंग पर प्रदर्शन किया और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को तुरंत वापस लेने की मांग की। कई अल्पसंख्यक संगठन भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक देश को बांटने के लिए भाजपा की चाल है। प्रदर्शन के कारण क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया और बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर एकत्र हो गए। वहीं रांची में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मेन रोड में एकरा मस्जिद के पास पोस्टर-बैनर लेकर विरोध जताया। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रही।

# बढ़ते ड्रंक एंड ड्राइव मामलों पर सख्ती



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शहर में ड्रंक एंड ड्राइव के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने नई सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। अब शराब पीकर गाड़ी चलाने पर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज होगा और वाहन जब्त कर लिया जाएगा। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के सह आयुक्त डॉ. अनिल कुंभारे ने बताया कि नए आदेश सभी ट्रैफिक जोन को भेज दिए गए हैं, जिसमें अपराध की गंभीरता के अनुसार अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ी जाएंगी। इसके अलावा, शराबी चालकों का लाइसेंस भी जब्त किया जाएगा।

मुंबई ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, 2023 में 2,562 मामले दर्ज हुए थे। 2024 में 269% की वृद्धि के साथ यह संख्या 9,462 तक पहुंच गई। 2025 (जनवरी-मार्च) में 2,264 मामले, जो पिछले साल की तुलना में 60% अधिक हैं। अब तक, इन मामलों में आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाता था, जहां से वह आसानी से छूट जाता था।

भायखला जेल वार्डन हत्या मामला

# मुख्य आरोपी को मिली जमानत

- 7 साल से अधिक समय जेल में बिताने के आधार पर राहत



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2017 में भायखला महिला जेल में जेल वार्डन मंजुला शेट्टे की हत्या की मुख्य आरोपी बिंदु नायकोडे को जमानत दे दी है। अदालत ने समानता के सिद्धांत और 7 साल से अधिक समय तक जेल में रहने का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया।

### क्या है पूरा मामला?

बिंदु नायकोडे पर आरोप था कि उसने कैदियों को अंडे बांटते समय दो अंडे कम पड़ने की स्थिति में जेल वार्डन मंजुला शेट्टे पर जानलेवा हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

### अदालत में क्या हुआ?

न्यायमूर्ति शिवकुमार डिगे की एकलपीठ ने इस मामले की सुनवाई की। बिंदु नायकोडे की ओर से वकील वैभव बागड़े और अमन कोठारी ने दलील दी कि उनकी मुवक्किल पर जिन सह-आरोपियों के साथ हमला करने का आरोप है, उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है। ऐसे में बिंदु भी समानता के आधार पर जमानत की हकदार है।

### सरकारी पक्ष का विरोध

सरकारी वकील प्रसन्ना मालशे ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि बिंदु नायकोडे की इस हत्या में महत्वपूर्ण भूमिका थी और रिहा होने पर वह फरार हो सकती है या साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकती है। पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि चूंकि सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है, इसलिए बिंदु नायकोडे को भी 50 हजार के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के बांड पर जमानत दी जाती है।

# 24 साल में 21,219 किसानों ने की आत्महत्या

**अमरावती।** महाराष्ट्र के पांच जिलों में बीते 24 साल में 21, 219 किसानों ने मौत को गले लगा लिया। आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार ये सभी मामले अमरावती राजस्व खंड के विभिन्न जिलों में सामने आए हैं। जनवरी 2001 से जनवरी 2025 के बीच अमरावती, अकोला, बुलढाना, वाशिम व यवतमाल जिलों में 21,219 किसानों ने आत्मघाती कदम उठाते हुए अपनी जान दे दी। उनमें से 80 आत्महत्या के मामले तो इसी साल जनवरी के हैं।



### सबसे अधिक आत्महत्या के मामले यवतमाल जिले में

रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे अधिक आत्महत्या के मामले यवतमाल जिले में सामने आए जहां 6,211 किसानों ने अपनी जान दी। दूसरे स्थान पर अमरावती में 5,395 आत्महत्या के मामले सामने आए। रिपोर्ट में इसी साल जनवरी में इन जिलों में मौत को गले लगाने वाले किसानों का आंकड़ा भी दिया गया है जिसमें अमरावती में 10, अकोला में 10, यवतमाल में 34, बुलढाना में 10 व वाशिम में 7 मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनमें से केवल 9,970 मामले ही सरकार से मुआवजे के पात्र पाए गए जबकि 10, 963 मामले मुआवजे की दृष्टि से अपात्र माने गए हैं। वहीं 319 मामलों की जांच अभी लंबित है। दरअसल, आत्महत्या के वही मामले मुआवजे के लिए पात्र माने जाते हैं जिसमें यह सिद्ध हो जाए कि किसान ने ऋण न चुका पाने की हालत में या फसल में घाटा होने की स्थिति में आत्मघाती कदम उठाया है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# वक्फ संशोधन विधेयक पर सियासी घमासान

## संजय राऊत और आनंद परांजपे आमने-सामने

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय राऊत और राकांपा (शरद) के मुख्य प्रवक्ता आनंद परांजपे के बीच तीखी बयानबाजी छिड़ गई है। राऊत ने राकांपा (अजित) अध्यक्ष अजित पवार और कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल पर निशाना साधते हुए कहा कि बाप बदलने वाले लोग मुझ पर रंग बदलने के आरोप लगा रहे हैं। इसके जवाब में आनंद परांजपे ने राऊत को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया तो हम ठाणे के मानसिक अस्पताल में उनके लिए एक बेड बुक कर देंगे।





### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान प्रफुल्ल पटेल ने संजय राऊत पर तंज कसते हुए कहा था कि उन्होंने इस मुद्दे पर अपने विचार बदल लिए हैं। इस पर पलटवार करते हुए राऊत ने अजित पवार पर तंज कसा और कहा कि जिन्होंने अपना बाप बदल लिया है, वे मुझे रंग बदलने का आरोप न दें। राऊत ने आरोप लगाया कि अजित पवार ने अपने पिता तुल्य शरद पवार की पीठ में छुरा घोंपा और सत्ता के लिए भाजपा के साथ हाथ मिला लिया। उन्होंने आगे कहा, ₹पाकिस्तान में बैठे दाऊद इब्राहिम से किसकी रिश्तेदारी है, यह आरोप मैं नहीं लगा रहा, बल्कि खुद प्रधानमंत्री मोदी ने लगाए थे।₹

### राकांपा (शरद) का पलटवार

राऊत के इस बयान से नाराज होकर आनंद परांजपे ने उन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राऊत कांग्रेस के प्रमाणित 'डैश डैश डैश' हैं, लेकिन हम अपनी मर्यादा नहीं तोड़ेंगे। परांजपे ने यह भी कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार के आरोप में 8-9 महीने जेल में रह चुके उन्हें बयान देते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए, वरना हम उनके लिए मेंटल हॉस्पिटल में बेड बुक करेंगे।

# खुदाई मशीन में फंसी महिला की मौत

▶▶ हादसे के बाद उपद्रव : कई डंपरों को पहुंचा नुकसान, मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिले में कचरा छांटने के दौरान एक महिला की खुदाई करने वाली मशीन में फंसकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा किया, जिससे कई डंपरों को नुकसान पहुंचा। पुलिस ने कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



### कैसे हुआ हादसा?

यह घटना 31 मार्च को ठाणे के सीपी तालाब स्थित कचरा छंटाई केंद्र में हुई। राजश्री जाधव नामक महिला अन्य 50 महिलाओं के साथ प्रतिबंधित क्षेत्र में कचरा छांट रही थी, जब एक डंपर ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद खुदाई मशीन के चालक ने महिला को मशीन के सामान उठाने वाले हिस्से से उठाकर डंपर में फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मौत हो गई।

### हंगामा और तोड़फोड़

महिला की मौत के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और करीब 14 डंपरों और छिड़काव मशीनों पर पत्थरबाजी की। इस उपद्रव में करीब आठ अज्ञात लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है।

### मामला दर्ज, जांच जारी

वागले एस्टेट पुलिस ने बीएनएस की धारा 189(2), 190, 191(1), (2) (दंगा) व संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत उपद्रवियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। श्रीनगर पुलिस ने बीएनएस की धारा 106 (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत मशीन चालक मोहम्मद सनाउल्लाह फारूक पर भी मामला दर्ज किया है।

ऐरोली में बनेगा मैंग्रोव पार्क

# वन मंत्री नाईक ने अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने दिए निर्देश

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

प्रदेश के वन मंत्री गणेश नाईक ने ठाणे के नवी मुंबई में मैंग्रोव पार्क स्थापित करने के लिए अध्ययन करके रिपोर्ट देने के निर्देश संबंधित अफसरों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐरोली खाड़ी किनारे बड़े पैमाने पर मैंग्रोव है। यहां पर फ्लेमिंगो पक्षी भी रहते हैं। इससे मैंग्रोव और फ्लेमिंगो पक्षी प्राकृतिक पर्यटन के लिए आकर्षक साबित हो सकता है। इसलिए इस क्षेत्र में विश्वस्तरीय मैंग्रोव पार्क बनाने के लिए जगह का मुआयाना करें। इसके बाद इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार किया जाए। मंत्रालय में नाईक की अध्यक्षता में वन विभाग की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक हुई। इसमें महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन (मित्र) संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण परदेशी, वन विभाग के अतिरिक्त सचिव मिलिंद म्हैसकर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक शोमिता बिस्वास आदि उपस्थित थे।



### जुन्नर और संगमनेर में तेंदुआ सफारी

वन मंत्री ने पुणे के जुन्नर, सातारा के कराड और अहिल्यानगर के संगमनेर में तेंदुआ बड़े पैमाने पर हैं। इसलिए राजस्थान के जवाई तेंदुआ रिजर्व के तर्ज पर जुन्नर, कराड और संगमनेर में तेंदुआ सफारी शुरू करने के बारे में अध्ययन करें। बैठक में वन्यजीव व मानव के बीच संघर्ष टालने के लिए उपाय योजना करने के संबंध में चर्चा हुई।

### जंगली भैंसा बचाने नागपुर में प्रजनन केंद्र

नाईक ने कहा कि जंगली भैंसा और गोडावण संकटग्रस्त प्रजाती को बचाने के लिए नागपुर के गोरेवाडा परियोजना में अंतरराष्ट्रीय प्रजनन केंद्र स्थापित करने के लिए प्रस्तावित है। इसके लिए बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के साथ सामंजस्य करार करने का फैसला लिया गया है। इस बारे में तत्काल कार्यवाही पूरी करें।

# स्कूल बस की चपेट में आई 65 वर्षीय महिला की मौत

बस चालक गिरफ्तार, जांच जारी

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

**डोंबिवली पूर्व के केलकर रोड पर आज सुबह एक दुर्घटना में 65 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की पहचान सुप्रिया मराठे के रूप में हुई है, जो ओमकार स्कूल बस के पिछले पहिए के नीचे आ गईं, जिससे उनका पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बुजुर्ग महिला को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, महिला के पैर में गंभीर चोट आई थी, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद डोंबिवली रामनगर पुलिस ने बस ड्राइवर दिगंबर मिस्त्री को गिरफ्तार कर लिया और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।**



### स्थानीय नागरिकों में आक्रोश, सड़क सुरक्षा की मांग

इस हादसे से स्थानीय नागरिकों में गहरी चिंता है। लोगों का मानना है कि केलकर रोड पर यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और सुरक्षा के ठोस उपाय करने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# बाइक सवार का कटा चालान तो ट्रैफिक पुलिस पर किया हमला

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिले के घोड़बंदर परिसर के वाघबिल नाके के पास ट्रैफिक पुलिस के साथ बर्बरता और पीटने का मामला सामने आया है। ठाणे ट्रैफिक विभाग स्पेशल अभियान चला रही थी। इस दौरान बिना हेलमेट और ट्रैफिक का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही थी। तभी इस दौरान एक 56 वर्षीय व्यक्ति को ट्रैफिक के हवलदार ने बिना हेलमेट होने की वजह से चालान कर दिया।



### ट्रैफिक पुलिस को लात-घूंसों से मारा

इसी बात से नाराज होकर बाइक सवार शख्स ने ट्रैफिक हवलदार के साथ हाथापाई करना शुरू कर दिया। बीच सड़क पर ही शख्स ने ट्रैफिक पुलिस को लात-घूंसों से मारना शुरू कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

### पुलिस ने कई धाराओं में दर्ज किया मामला

इस घटना को संज्ञान में लेते हुए कासरवडवली पुलिस स्टेशन में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ BNS की धारा 221 और 168 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की करवाई ठाणे ट्रैफिक विभाग द्वारा की जा रही है।

### आरोपी की पत्नी ने पुलिस से की प्रार्थना

ट्रैफिक पुलिस के साथ मारपीट करने वाले व्यक्ति की पत्नी ने ठाणे ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों से प्रार्थना की है। आरोपी की पत्नी ने कहा कि उसके पति फिजिकली फिट नहीं है। पत्नी ने अपने पति का मेडिकल सर्टिफिकेट भी पुलिस के पास जमा कर दिया है।

### लाइसेंस रद्द करने की मांग

इस पूरे मामले पर ठाणे ट्रैफिक के DCP पंकज शिरसाट ने कहा की हमने ट्रैफिक पुलिस के साथ हाथापाई करने वाले व्यक्ति का लाइसेंस रद्द करने के लिए ठाणे RTO को पत्र लिख दिया है। उसके साथ व्यक्ति का अनफिट मेडिकल सर्टिफिकेट भी अटैच कर दिया है।

# 98 अतिरिक्त साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाएगा मध्य रेलवे



मध्य रेल ने अब तक 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1156 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित ट्रेनों के अलावा अब तक 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1156 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। मध्य रेल ने पहले ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 1058 सेवाओं की घोषणा की थी और अब यात्रियों के लाभ के लिए 98 अतिरिक्त सेवाएं चलाएगा। रेलवे ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई-मडगांव/कानपुर, पुणे-झांसी और कलबुरगि-बेंगलुरु के बीच 98 अतिरिक्त साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है, जिसमें मुंबई-संकरेल के बीच 6 अनारक्षित विशेष ट्रेनें शामिल हैं।

**एलटीटी-मडगांव-एलटीटी साप्ताहिक विशेष**

01103 साप्ताहिक विशेष दिनांक 07.04.2025 से 05.05.2025 तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक सोमवार को 08.20 बजे रवाना होगी और उसी दिन 21.40 बजे मडगांव पहुंचेगी। 01104 साप्ताहिक विशेष 06.04.2025 से 04.05.2025 तक प्रत्येक रविवार को 16.30 बजे मडगांव से रवाना होगी और अगले दिन 06.25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी।

**एलटीटी- कानपुर-एलटीटी साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष**

04152 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 12.04.2025 से 28.06.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 17.15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी और अगले दिन 15.45 बजे कानपुर पहुंचेगी। 04151 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 11.04.2025 से 27.06.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को 15.25 बजे कानपुर से रवाना होगी और अगले दिन 14.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

**पुणे-झांसी-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष**

01921 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 10.04.2025 से 26.06.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को 15.15 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन 10.00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुँचेगी। 01922 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 09.04.2025 से 25.06.2025 तक प्रत्येक बुधवार को 12.50 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से रवाना होगी और अगले दिन 11.35 बजे पुणे पहुँचेगी।

**हडपसर-झांसी-हडपसर साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष**

01923 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 06.04.2025 से 29.06.2025 तक प्रत्येक रविवार को 19.10 बजे हडपसर से रवाना होगी और अगले दिन 15.00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुँचेगी। 01924 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 05.04.2025 से 28.06.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 19.40 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से रवाना होगी और अगले दिन 16.30 बजे हडपसर पहुँचेगी।

**कलबुरगि- सर एम विश्वेसरैया टर्मिनल बेंगलुरु साप्ताहिक विशेष ट्रेन सेवा**

06520 साप्ताहिक विशेष दिनांक 06.04.2025 से 27.04.2025 तक प्रत्येक रविवार को 09.35 बजे कलबुरगि से रवाना होगी और उसी दिन 20.00 बजे एस एम वी बेंगलुरु पहुंचेगी।

# 'रील स्टार' सुरेंद्र पाटिल पर एक और रेप का आरोप

▶▶ मामला दर्ज, आरोपी फरार

▶▶ रामनगर पुलिस कर रही जांच

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

'रील स्टार' सुरेंद्र पाटिल के खिलाफ डोंबिवली में रेप का एक और मामला दर्ज किया गया है। रामनगर पुलिस स्टेशन में एक तलाकशुदा महिला ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि पाटिल ने मशीनरी वापस देने का लालच देकर बार-बार उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि उसने ठाकुर्ली में स्थित सुरेंद्र पाटिल के गाले में पेपर प्लेट बनाने का व्यवसाय शुरू किया था, लेकिन घाटे के कारण उसे अपना कारोबार बंद करना पड़ा। जब उसने अपनी मशीनरी वापस मांगी, तो पाटिल ने उसका फायदा उठाकर कई बार बलात्कार किया।



### पहले भी दर्ज हो चुका है मामला

तीन दिन पहले मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में एक 19 वर्षीय लड़की ने भी सुरेंद्र पाटिल के खिलाफ बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई थी। अब रामनगर पुलिस ने भी नया मामला दर्ज कर लिया है।

### पुलिस की गिरफ्त से बाहर आरोपी

इतने गंभीर आरोपों के बावजूद सुरेंद्र पाटिल अभी भी फरार है। पुलिस उसकी सक्रिय तलाश कर रही है। एसीपी सुहास हेमाडे ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

# श्रीराम नवमी पर कल्याण डोंबिवली में कत्तलखाने रहेंगे बंद

महापालिका ने जारी किया आदेश

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

आगामी श्रीराम नवमी के अवसर पर कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका ने क्षेत्र में सभी अधिकृत और अनधिकृत कत्तलखानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। यह प्रतिबंध मांस विक्रेताओं, कसाइयों और खाटीक समुदाय पर भी लागू होगा। महापालिका की अधिसूचना के अनुसार, 5 अप्रैल 2025 की रात 12:00 बजे से 6 अप्रैल 2025 की रात 12:00 बजे तक किसी भी प्रकार के जानवरों की कत्तल निषिद्ध रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने पर महाराष्ट्र महानगरपालिका



अधिनियम 1949 की धाराओं 334, 336 और 376(अ) के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। महानगरपालिका ने कहा कि यह कदम धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। प्रशासन ने सभी संबंधित पक्षों से सहयोग की अपील की है और अवैध गतिविधियों

# मुंब्रा-दिवा में 57 अनधिकृत जल कनेक्शन काटे गए

तीन दिन में कुल 130 कनेक्शनों पर गिरी गाज, दो मुकदमे दर्ज

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

**ठाणे नगर निगम (TMC) ने मुंब्रा और दिवा क्षेत्रों में अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखते हुए तीसरे दिन 57 अनधिकृत नल कनेक्शन काट दिए। इस अभियान के तहत पहले दिन 29 और दूसरे दिन 44 कनेक्शन काटे गए थे कार्रवाई के दौरान अनधिकृत आरओ परियोजनाएं, जलाशय, और अवैध टैंकर फिलिंग स्टेशन भी ध्वस्त किए गए। अब तक दो मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं, जबकि दो और मामले दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।**



### विशेष टीमों द्वारा कार्रवाई

TMC के जल आपूर्ति विभाग ने मुंब्रा-दिवा इलाकों में अवैध जल आपूर्ति पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया। तीसरे दिन अगासन फाटा, कल्याण फाटा से वाई जंक्शन और रामनगर-बेतवाडे पानी की टंकी तक अभियान चलाया गया। कल्याण फाटा से वाई जंक्शन तक : 04 अनधिकृत वाणिज्यिक पाइप कनेक्शन और 15 अनधिकृत आवासीय पाइप कनेक्शन काटे गए। वाई जंक्शन से मुंब्रा तक : 34 अनधिकृत पाइप कनेक्शन हटाए गए। अगासन गांव : 04 अनधिकृत पाइप कनेक्शन, 01 अवैध टैंकर फिलिंग स्टेशन और 02 आरओ परियोजनाएं ध्वस्त की गईं।

### पंप और जलाशय किए गए जब्त

अभियान के दौरान दो पंप जब्त किए गए, पांच पीवी टैंक तोड़े गए, और ईंटों से बने टैंकों को ध्वस्त कर दिया गया। ठाणे नगर निगम आयुक्त सौरभ राव ने अनधिकृत जल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। यह ऑपरेशन अतिक्रमण विभाग और जल आपूर्ति विभाग द्वारा अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे और अभियंता प्रशांत सोनगरा के मार्गदर्शन में चलाया गया।

# स्कूल के पास डंपिंग ग्राउंड की अनुमति नहीं दी जा सकती: बॉम्बे हाई कोर्ट

▶▶ इगतपुरी नगर पालिका को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश, 24 अप्रैल को अगली सुनवाई

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की अनदेखी कर स्कूल के पास डंपिंग ग्राउंड की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने इगतपुरी नगर पालिका को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी।

### क्या है मामला?

2011 में नासिक जिले के इगतपुरी तहसील के अवलखेड़ा गांव के एक स्कूल और ग्राम पंचायत ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें स्कूल के पास डंपिंग ग्राउंड बनाए जाने का विरोध किया गया था। यह याचिका 2010 से लंबित है।



### अदालत की सख्त टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की पीठ ने नगर पालिका के वकील से सवाल किया, ₹स्कूल के पास डंपिंग ग्राउंड कैसे हो सकता है? बच्चों को स्वस्थ वातावरण का अधिकार है। समाज का कर्तव्य है कि उन्हें सुरक्षित माहौल मिले, न कि डंपिंग ग्राउंड।₹ अदालत ने यह भी कहा कि यदि वकील का बच्चा किसी ऐसे स्कूल में पढ़ता हो, जिसके पास डंपिंग ग्राउंड हो, तो क्या वे उसे वहां भेजेंगे?

### नगर पालिका की सफाई और अदालत की प्रतिक्रिया

नगर पालिका के वकील ने तर्क दिया कि यह स्थल डंपिंग ग्राउंड नहीं, बल्कि प्रोसेसिंग प्लांट के लिए प्रस्तावित है। इस पर अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे की गहन जांच करेगी और यह भी आश्चर्य जताया कि 2010 से लंबित याचिकाओं के बावजूद अभी तक वैकल्पिक स्थान क्यों नहीं खोजा गया। अब इगतपुरी नगर पालिका को हलफनामा दाखिल करना होगा, और अदालत 24 अप्रैल को मामले की अगली सुनवाई करेगी।

# मुंबई कांग्रेस को पुलिस ने भेजा नोटिस

## नहीं भरा था AICC इंचार्ज सीक्रेटरी के होटल स्टे का बिल

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

मुंबई में कांग्रेस के हाल-बेहाल नजर आ रहे हैं। महाराष्ट्र पुलिस ने अब एक मामले को लेकर मुंबई कांग्रेस को नोटिस दिया है। यह नोटिस एक होटल का बिल न भरने को लेकर दिया गया है, बता दें कि मुंबई कांग्रेस की हालत को लेकर पिछले दिनों भी खबर आई थी कि उन्होंने बिजली बिल नहीं भरा था तो मुंबई कांग्रेस के दफ्तर की बिजली गुल होने की नौबत सामने आ गई थी। अब नया मामला होटल बिल को लेकर है।



### कितना है होटल का बकाया बिल?

जानकारी दे दें कि AICC इंचार्ज सीक्रेटरी इस होटल में रूके थे, जिसका पूरा डिटेल होटल ने पुलिस को दिया है। साथ ही बताया कि होटल का पूरा बिल 51,115 रुपयेबना है जो मुंबई कांग्रेस के एक पदाधिकारी की ओर से नहीं दिया जा रहा। होटल ने मुंबई कांग्रेस के पदाधिकारी का नाम भी शिकायत में बताया। शिकायत विले पार्ले पुलिस स्टेशन में दी गई है।

### शिकायत में होटल की ओर से क्या कहा गया?

पुलिस को दी गई शिकायत में होटल की ओर से कहा गया कि हम कांग्रेस के पदाधिकारी से मार्च 2024 से पेंडिंग बिल को लेकर फॉलोअप कर रहे हैं। हम जब भी कॉल करते हैं वे हमें वादा करते हैं कि एक हफ्ते के अंदर हम पेमेंट कर देंगे। ऐसा करते-करते आज 5 माह हो चुके हैं और अब तक हमें यह पेमेंट नहीं मिले। आगे कहा कि काफी फॉलो अप करने पर हमें 14 जून 2024 को पदाधिकारी की ओर से बिना किसी तारीख और साइन के एक चेक दिया गया और कहा गया कि अभी साइन करने वाले पदाधिकारी दिल्ली गए हैं जो 6-7 दिन में आ जाएंगे फिर आपके चेक पर साइन हो जाएगा। इसके बाद हम उन्हें 3-4 दिन के अंतरात पर कॉल-मैसेज करते रहे। करीबन 10-15 दिनों से अब वे हमारा फोन नहीं उठा रहे और न ही हमारे किसी मैसेज का रिप्लाई दे रहे।

### संजय निरुपम ने लगाया था वर्षा गायकवाड़ पर आरोप

जानकारी दे दें कि मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़ हैं। इससे पहले भी मुंबई कांग्रेस के खस्ताहाल आर्थिक स्थिति का मामला उठा था, पूर्व कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने भी वर्षा गायकवाड़ पर लापरवाही पर आरोप लगाया था। उस दौरान मुंबई कांग्रेस ऑफिस का बिजली बिल का बकाया होने से बिजली काटने की नौबत आ गई थी।

# अस्पताल में भर्ती न करने से गर्भवती की मौत

## जांच के आदेश

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि 10 लाख रुपएकी अग्रिम राशि न देने पर अस्पताल में भर्ती न किए जाने से गर्भवती महिला की मौत के मामले की गहन जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।



## अजित पवार बोले- पारदर्शी जांच होगी, दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

### पुणे के अस्पताल में 28 मार्च को हुई घटना

यह घटना पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में 28 मार्च को हुई थी। भाजपा एमएलसी अमित गोरखे के निजी सहायक की पत्नी तनीषा भिसे की जुड़वां बच्चियों को जन्म देने के बाद दूसरे अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले को लेकर सरकार ने नाराजगी जताई है।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की समिति करेगी जांच

अजित पवार ने कहा कि घटना की जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक समिति बनाई गई है। जिलाधिकारी को जांच में तेजी लाने और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री और सरकार ने लिया गंभीर संज्ञान

भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस घटना का गंभीर संज्ञान लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मरीज को इलाज से वंचित करना अस्वीकार्य है और इस मामले में सख्त कार्रवाई होगी।

### जरूरत पड़ी तो डॉक्टरों पर दर्ज होगा मुकदमा

बावनकुले ने चेतावनी दी कि अस्पताल को राज्य सरकार से कई सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन यदि डॉक्टर या कर्मचारी लापरवाही बरतते हैं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज होगा।

### दो दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

पुणे के जिलाधिकारी जितेंद्र डूडी ने जिला सिविल सर्जन को दो दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, अन्य मरीजों से भी अस्पताल के समग्र कामकाज की जानकारी ली जाएगी।

**मध्य रेल**

भुसावल मंडल

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक एसीएल, मध्य रेल** भुसावल और भारत के राष्ट्रपति द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। **ई-निविदा क्र. 56255185.** जिसका **समापन दिनांक:** 05-MAY-2025 को 11.30 बजे है। बोली लगाने वाले अपनी निविदा ऊपर दी गई तारीख तक जमा कर सकते हैं। केवल ई-बीड/ई-निविदा ही स्विकृत की जाएगी। हाथ से लिखा हुआ बीड स्विकृत नहीं किया जाएगा। **[1] टेंडर शीर्षक: निविदा नंबर:** 56255185. **निविदा प्रकार:** खुला/विज्ञापित। **बोली लगाने की प्रक्रिया:** एकल बोली प्रक्रिया। **निरिक्षण संस्था:** TPI. **प्रकाशन दिनांक/समय:** 02/04/2025, 11:22:00. **अनुमानित मूल्य:** ₹ 16411440/-. **अंतिम तिथी:** 05-MAY-2025, 11:30 बजे। **ऑफर की वैधता:** 90 दिन. **मात्रा:** 19 Set. **[2] मद का विवरण:** Set of Axle Box Assembly Complete for flexi coil 3-Axle Bogie for WAP-1/4 Electric Loco as per RDSO Drg. No. SKVL-603 Alt-7, Confirming to RDSO Specification No. MP.0.3600.01 (Rev-01) November 2020. One Set Consisting of 03 Items 12 Nos. As Under : (1) Centre Axle box with plain end cover & bearings, Qty-04 Nos. (2) End axle box with speedometer end cover & Bearings (LH & RH), Qty-02 Nos. (3) End axle box with plain end cover & bearings, Qty-06 Nos. **[3] विशेष सूचना:** इस निविदा का संपूर्ण विवरण **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**ई निविदा नोटीस क्र. बीएसएल/एसीएल/56255185**

Sai/BSL/01

रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है

# पार्किंग को लेकर फैशन डिजाइनर के साथ मारपीट

## 3 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

मुंबई के सांताक्रूज कालिना इलाके में पार्किंग विवाद को लेकर फैशन डिजाइनर महिला पर कथित तौर पर हमला करने और छेड़छाड़ करने के मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर वाकोला पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ BNS की धारा 74,79,126(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है।




### क्या है मामला?

मुंबई की वाकोला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिला ने पुलिस को बताया कि उनके पति फुटबॉल खिलाड़ी है और उन्हें नवी मुंबई के वाशी इलाके में जाना था और वो अपनी कार पार्किंग से बाहर निकालने गए क्योंकि बाहर जाना था, लेकिन इनके कार के सामने एक और कार खड़ी थी। तो बाहर निकालना मुश्किल था, जब चौकीदार से पूछा गया तब उसने बताया कि कार आरोपी निजामुद्दीन खान की है, जो हमारी बिल्डिंग में ही रहता था।

### क्या कहना है पीड़िता का?

महिला के पति ने आरोपी को फोन पर संपर्क किया और कार हटाने को कहा, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी उन्होंने कार को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया। तभी निजामुद्दीन का सबसे बड़ा बेटा (अज्ञात) पार्किंग में आया और कहा कि कार स्टार्ट नहीं हो रही है। इसलिए मैं अपने पति के साथ निजामुद्दीन के घर मामले की जानकारी लेने के घर चली गई। दरवाजे की घंटी बजाने पर आरोपी निजामुद्दीन और उनका बेटा ताहिर उनके अन्य 2 बच्चे घर से बाहर आए, अनुरोध किया कि हमारी कार के सामने खड़ी उनकी कार को हटा दें, ताकि वे काम पर जा सकें। तभी निजामुद्दीन, उसका बेटा ताहिर और उसके दो बच्चे मुझसे बहस करने लगे, उसी समय मेरे पति वहां आये, चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले लोग भी वहां आए, जब मैंने उन्हें बहस करने से रोका, तब आरोपी निजामुद्दीन ने मुझे गाली दी और उनके बेटे ताहिर ने मेरे लिए गलत शब्द का इस्तेमाल किया। उसने मेरे बाल पकड़ लिए और हाथों से मुझे पीटा उस समय मेरे पति और बाकी लोगों ने मुझे बचाया। महिला ने पुलिस से संपर्क कर वाकोला पुलिस स्टेशन में निजामुद्दीन खान, ताहिर खान और अन्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन, मुंबई-400 022**

संख्या. एल.टी.एच./एस.डी./06/एम. दिनांक 02/04/2025

**ई-महानिविदा सूचना**

यह एक ई-निविदा सूचना है। ग्रेटर मुंबई नगर निगम (एमसीजीएम) के आयुक्त नीचे दिए गए तीन पैकेट सिस्टम में ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नामः इंजेक्शन पाइपरसिलिन 4 ग्राम + टैज़ोबैक्टम 500 मिलीग्राम, एल.टी.एम.जी. अस्पताल के लिए।

| क्र. | विवरण | ई-टेंडर मूल्य (रु.) | ईएमडी (रु.) | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंजेक्शन पाइपरसिलिन 4 ग्राम + टैज़ोबैक्टम 500 मिलीग्राम। 27000 शीशियाँ। बोली संख्या 2025_ MCGM_1166977 | रु. 3300/- प्लस जीएसटी @18% | रु. 38700/- | 02/04/2025 शाम 06.00 बजे (18:00 बजे) | 10/04/2025 06.00 बजे (18:00 बजे) |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए नगर निगम की वेबसाइट http//www.mcgm.gov.in पर जाएँ।

निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएँगे।

हस्ता/-
डीन,
एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन

पीआरओ/ 39/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

# मराठी अभिनेता ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में गंवाए 61.83 लाख रुपए




**मुंबई।** मराठी फिल्म और टीवी अभिनेता सागर करांडे ने साइबर जालसाजों के हाथों 61 लाख रुपएसे अधिक गंवा दिए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अभिनेता से इंस्टाग्राम वीडियो लाइक करने के लिए पैसे देने का वादा किया गया था, लेकिन जालसाजों ने 'टास्क' धोखाधड़ी में फंसाकर लाखों रुपएहड़प लिए। अभिनेता ने उत्तर क्षेत्र साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके तहत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। एफआईआर के अनुसार, करांडे को 23 फरवरी को उनके मोबाइल नंबर पर एप्सिलॉन कंपनी लिमिटेड की मीना सकपाल नाम से एक व्हाट्सएप संदेश मिला, जिसमें उन्हें इंस्टाग्राम वीडियो पर प्रति लाइक 150 रुपएदेने की पेशकश की गई थी। इसके बाद अभिनेता ने महिला द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक किया और टास्क फ्रॉड के तहत एक वीडियो को लाइक किया। फिर उसे टेलीग्राम के जरिये एक प्रोमो कोड मैसेज लिंक भेजा गया। इसमें नाम, उम्र, लिंग, व्हाट्सएप नंबर जैसी जानकारी देने को कहा गया। करांडे ने भुगतान प्राप्त करने के लिए अपनी पत्नी की यूपीआई आईडी भी भेजी। इसके बाद उसे टेलीग्राम अकाउंट के दूसरे ग्रुप में जोड़ा गया, जहां सदस्यों को अलग-अलग टास्क दिए गए। इस दौरान अभिनेता को टेलीग्राम ग्रुप पर 10 अलग-अलग टास्क के लिए 11 हजार रुपएमिले।

# गोरेगांव सिद्धार्थनगर (पत्राचाल) पुनर्वास परियोजना की लॉटरी सफलतापूर्वक संपन्न

## 15 वर्षों के इंतजार के बाद 663 पात्र सदस्यों को मिला उनका नया घर



**मुंबई।** गोरेगांव (पश्चिम) स्थित सिद्धार्थनगर (पत्राचाल) सहकारी गृह निर्माण सोसायटी की पुनर्वास परियोजना में वर्षों से घर का इंतजार कर रहे 663 पात्र सदस्यों का सपना आज साकार हुआ। म्हाडा के मुंबई आवास एवं क्षेत्र विकास बोर्ड के माध्यम से कम्प्यूटरीकृत लॉटरी प्रणाली द्वारा इन सदस्यों को पुनर्वास फ्लैट आवंटित किए गए।

### लॉटरी प्रक्रिया और पारदर्शिता

गोरेगांव पश्चिम के सरदार वल्लभ भाई सभागृह में आयोजित इस लॉटरी कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंबई बोर्ड के मुख्य अधिकारी मिलिंद बोरिकर ने की। इस दौरान कम्प्यूटरीकृत प्रणाली द्वारा पात्र सदस्यों के लिए फ्लैट नंबर, भवन संख्या, विंग और मंजिल का निर्धारण किया गया। बोरिकर ने कहा कि म्हाडा की यह प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी है और इसमें मानवीय हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है।

**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत, अंशांकन और सहायक उपकरणों का प्रावधान**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (उप),पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008. **ई-निविदा आमंत्रित करता है सूचना संख्या: WR-MMCTOESUB (ESPT)-2-2025. कार्य का नाम:** मुंबई उपनगरीय खंड के चर्चगेट-विरार के बीच 25kV AC और 22/2.2kV PSI प्रणाली में विभिन्न माप उपकरणों की मरम्मत, अंशांकन और सहायक उपकरणों का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.26,92,680/- **बोली सुरक्षा:** रु.53,900/- प्रस्तुत करने की तिथि और समय:15:00 बजे से बाद नहीं। 30.04.2025 को निर्धारित तरीके से। **खुलने की तिथि और समय:** 30.04.2025 को 15:30 बजे। **वेबसाइट विवरण:** निविदा को वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से देखा और प्रस्तुत किया जा सकता है।

0006

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**

(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की एक क्षेत्रीय इकाई

म्हाडा MHADA

**टेलीफोन नं. 022-66405484, ई-मेल - eecityslum@gmail.com**

**संख्या. ईई/सिटी/एमएसआईबी/ई-टेंडर/लेबर सोसायटी/01/2025-26**

कार्यकारी अभियंता (सिटी) प्रभाग, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा नं. 539, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व)। मुंबई 400 051 फोन नं. (022) 66405484 डीडीआर सिटी डिस्ट्रिक्ट मुंबई के साथ पंजीकृत लेबर को-ऑप सोसाइटियों से बी-1 (प्रतिशत दर) के रूप में 09 कार्यों के लिए ऑनलाइन ई-टेंडरिंग सिस्टम द्वारा ई-टेंडर आमंत्रित कर रहे हैं। विस्तृत टेंडर नोटिस और टेंडर दस्तावेज उपलब्ध होंगे और महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। टेंडर दस्तावेज की बिक्री दिनांक 08.04.2025, सुबह 10.05 बजे से शुरू होकर दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि 15.04.2025, शाम 5.35 बजे तक होगी। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल https://mahatenders, gov.in वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/257

हस्ता-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम. एसआई बी बोर्ड, मुंबई

MHADA- राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**

Executive Engineer, North Mumbai Electrical Division,
P.W.D., ESIS Hospital spital Compound, L.B.S. Road, Mulund (W), Mumbai-400080.
e-mail:elnorthmumbai.ee@mahapwd.gov.in Tel. No. 022-25601327

**e-Tender Notice No.01/2025-26**

Online percentage rate tenders in "B-1" form are invited by the Executive Engineer, North Mumbai Electrical Division, Mulund, Mumbai for the following work from The Electrical Contractor from Govt. of Maharashtra. (as per env. no.1 document) e-Tender document can be downloaded from the e-Tendering portal of P.W.D., Government of Maharashtra http://mahatenders.gov.in, The Executive Engineer, NMED, Mulund, Mumbai reserves right to accept or reject any tender. The conditional tender will not be accepted.

| Name of Work | Estimate Cost put to tender: |
|---|---|
| 1.Est.NOATAL/NMED/MSSD/NMS/24012/2024-25:- Providing HVAC Operator, STP Operator, Wireman, Lift Attendant and Helper for operation of Screw type Chiller (840 TR) and day to day maintenance of HVAC system, Air Conditioners, LT Panel, HT Panel (11 KV), Substation (2000 KVA), MBBR Type STTP (180 KLD), DG set (2000 KVA) installed at New Maharashtra Sadan, New Delhi. (3rd Call) | Rs. 4129920/- |
| 2.No.ATAL/NMED/MSSD/OMS/24057/2024-25:- Providing Wireman, Mazdoor, Lift Attendant, AC Technician for operation of and day to day maintenance of Air conditioners, LT Panel, HT Panel (11 KV), Substation (500 KVA), DG set (500 KVA) of Old Maharashtra Sadan, New Delhi (3rd Call) | Rs. 2727000/- |
| 3.Est.No.ATL/NMED/BESD/BKC/24386/2024-25, Providing Fully Comprehensive Annual maintenance For 3 Nos Lifts Installed at GST Bhavan-Bandra (Sales Tax Bldg.), "B" wing Bandra East Mumbai. (2nd Call) | Rs. 1440000/- |
| 4.Est.No.ATL/NMED/BESD/BCN/24263/2024-25. Providing 3 yearly Fully Comprehensive Maintenance (FCAMC) of facade lighting system for mumbai suburban District Headquater Administrative Building having Ground +10 upper flr at Bandra (East) Mumbai 400051. (3rd Call) | Rs. 1074408/- |
| 5.Est.No.ATL/NMED/MESD/MLD/Labour/24760/2024-25 Providing hiring services of 7 wirernen & 2 Unskilled Labour for maintaining Electrical Installation for Hospital, Non-Residential buildings & all Residential Bldg Under Mulund Section Mulund Mumbai 80 (For 6 months) (2nd Call) | Rs. 1558440/- |
| 6.Est.No.OW/NMED/MESD/KRL/24981/2024-25 Providing Electrical Installation with necessary switchgears and accessories in newly constructed Government ITI college Building (G+2) at Kurla, Mumbai (2nd Call) | Rs. 6821474/- |
| 7. Est. No. ATL/AESD/KDL/24651/2024-25 Providing Fully Comprehensive Annual Maintenance of 2 nos. of M/S Victora lifts for 3 years at Vanrai police quarters Building no. 2 and 3, Goregaon mumbai.(3rd Call) | Rs. 1131480/- |

Document Download/ Sale Period: Date: 07.04.2025 to 15.04.2025 up to 17.30 Hrs.
Bid Opening Date: 17.03.2025 after 14.00Hrs.
(Govt Of Maharashtra, PWD, Mantralay Vide Letter No. संकीर्ण २०२२/प्र.क्र.१०४/इमा-२ दि.१४.०२.२०२५)
All information about e-Tender is available on following website.
1. Contractor should Quote Price Excluding G.S.T. @ 18% will be paid Extra.
2.http://mahatenders.gov.in
(If there will be change in e-Tender Notice, it will be informed on above website)
3. Executive Engineer, NMED, Mumbai for office Notice Board.
4...Criteria of post qualification is included in the work agreement.
EE/NMED/TC/1306/2025 Date: 01/04/2025

Sd/-
Executive Engineer
North Mumbai Electrical Division
P.W.D., Mumbai.

DGIPR-2025-26/73

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




## संपादकीय

# टैरिफ की चुनौती

पूरी दुनिया को टैरिफ युद्ध की चेतावनी देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ने अब इसे हकीकत बना दिया है। तमाम विकासशील व विकसित देशों के साथ भारत भी इसकी जद में आया है। मौके की नजाकत को समझते हुए भारत ने हालात से समझौता करने का निर्णय किया है। कमोबेश, इसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ के मुकाबले लगाए गए टैरिफ को स्वीकार कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर यूरोपीय संघ, चीन और कनाडा ने अपने-अपने देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने के लिये जवाबी कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। भारत के लिये अच्छी बात यह है कि हमारे मुख्य प्रतिस्पर्धी-चीन, वियतनाम,बांग्लादेश और थाईलैंड पर हम से कहीं अधिक शुल्क लगाया गया है। नई दिल्ली को यह भी उम्मीद है कि वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम चल रहा है, जिसके जरिये घरेलू उद्योग को टैरिफ वृद्धि के दुष्प्रभावों से निपटने में मदद मिल सकती है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिये प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक अवसर मौजूद हैं। इस दौरान भारत को व्यापार करने में आसानी बढ़ाने तथा लाभांश प्राप्त करने के लिये अपने बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। इससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी बल मिलेगा। ध्यान रहे कि ऐसा ही अवसर भारत के सामने तब भी आया था जब कोविड-19 महामारी के चलते चीन के उत्पादन की रफ्तार धीमी हो गई थी। चीन ने ऐसा कदम लंबे समय से चली आ रही जीरो टॉलरेंस की कोविड नीति के चलते उठाया था। जिसके चलते अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों को विकल्प तलाशने के लिये प्रेरित किया था। लेकिन भारत इसके बावजूद हालात का ज्यादा लाभ नहीं उठा पाया था। विडंबना ये रही कि वियतनाम और थाईलैंड वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों का अधिकतम लाभ उठाने में भारत से आगे निकल गए। अतीत से सबक लेकर भारत को नई स्थितियों का लाभ उठाने के लिये बेहतर ढंग से तैयार रहना चाहिए। वैसे इन हालात में बहुत कुछ भारत की तुलना में ट्रंप के टैरिफ से अधिक प्रभावित देशों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। इन स्थितियों में एक चिंताजनक संभावना यह भी है कि चीन और वियतनाम जैसे देश पहले से ही अमेरिका के लिये निर्धारित अपने निर्यात को भारत में भेजने की कोशिश कर सकते हैं। जिसमें कम लागत वाले सामानों के जरिये भारतीय बाजारों को प्रभावित करने की कोशिश की जा सकती है। भारतीय बाजार तो पहले ही चीन के सस्ते उत्पादों से पटे पड़े हैं। जिससे दोनों देशों में व्यापार असंतुलन की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के वित्तीय वर्ष में दोनों देशों के बीच व्यापार में हमारा घाटा 85 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। वैसे चिंता की बात यह भी है कि भारत ने बीजिंग के साथ व्यापार घाटे को कम करने की दिशा में कुछ खास कदम नहीं उठाये हैं। हालांकि, भारत ने कुछ चीनी उत्पादों पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी जरूर लगाई है। इसका मकसद स्वदेशी उत्पादों को पड़ोसी देश के सस्ते आयात से संरक्षण देना ही था। ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से होने वाले नुकसान को कम करने की योजना को लागू करते वक्त इस बात को सुनिश्चित करने के प्रयासों के साथ चलना होगा कि कहीं चीन भारत को प्रतिस्पर्धा के बाजार में शिकस्त न दे दे। आज जब भारत दुनिया का सबसे अधिक युवाओं वाला देश है तो हमें अपनी श्रमशक्ति के बेहतर उपयोग की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि हम कौशल विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करें। कुशल कामगारों से हम वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही विदेश निवेश बढ़ाने के साथ ही घरेलू निवेश को गति देने की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। अमेरिका समेत अन्य देशों में जो मंदी की आहट महसूस की जा रही है, उससे हम तभी अपनी अर्थव्यवस्था को सुरक्षा दे सकेंगे। निस्संदेह, आने वाले दिनों में यह टैरिफ युद्ध दुनिया में और अधिक विस्तार ले सकता है। भारत को अपने निर्यात को अन्य देशों में बढ़ाने की दिशा में भी सोचना होगा।

# एक बेमिसाल देशभक्त अदाकार को भुलाना नामुमकिन



ऋतुपर्ण दवे

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्र, वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। जिसकी हरेक फिल्म में कूट-कूट कर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रम्हाण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। 24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे "लाल किले से आई आवाज ढिल्लो, सहगल, शाहनवाज"। इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिली, बंटवारा हुआ देश भारत-पाकिस्तान में बंट गया। बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किला ले गए। दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई। लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा-मारपीट न करने की सीख दी। जिससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ। दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था। वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मायानगरी मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमार, अशोक कुमार और कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे। वर्ष 1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसतते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निर्माता लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल से पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगा? जवाब मिला की लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है। अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों में से एक अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। हुआ यह कि प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म 'जमीन और आसमान' बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए। इसी बीच उनसे मिलने मनोज कुमार पहुंचे। जिन्होंने परेशानी का कारण पूछा और जवाब में मनोज कुमार बोले कि क्या मैं लिख दूं? खिसियाए मल्होत्रा जी ने कहा कि एक तो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली ऊपर से उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। चलो लिखो। इस तरह मनोज कुमार ने सीन लिखा जो अशोक कुमार को बहुत पसंद आया। इसके लिए उन्हें ग्यारह रुपए मिले। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन मनोज कुमार के मन में कुछ और चल रहा था जिसे लेकर उनकी कोशिशें जारी रहीं। इसके बाद कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन हीरो बनने का प्रयास जारी रखा। आखिर मेहनत रंग लाई। 1961 में फिल्म कांच की गुड़िया मे ब्रेक मिला। इसके फौरन बाद अगले साल उन्हें विजय भट्ट की फ़िल्म हरियाली और रास्ता मिली जिसने उनकी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। उनके दिल में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी थी। आजादी के बाद जब भारतीय फिल्मों का दौर बदल रहा था तब मनोज कुमार एक्शन, रोमांटिक फिल्मों के बजाए देश भक्ति की ओर बढ़ रहे थे। यह उनकी निष्ठा और भावना थी जो उन्होंने 1965 में देश भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म शहीद बनाई। इसमें शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई जिन्होंने उन्हें युद्ध में होने वाली परेशानियों पर फिल्म बनाने को कहा। शास्त्री जी कहा कि मेरा एक नारा है जय जवान-जय किसान। इस पर कोई फिल्म बनाओ। मनोज कुमार ने फिल्म उपकार बनाई जो सबको बहुत पसंद आई। हालांकि शास्त्री जी इसे नहीं देख पाए क्योंकि उसी बीच उनकी मृत्यु हो गई थी। उपकार आज भी जबरदस्त लोकप्रिय है।

इस फिल्म से मनोज कुमार की किस्मत रातों-रात बदल गई। उपकार की कहानी और गाने दर्शकों को बेहद भाए। वास्तव में फिल्म में भारत के किसान के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी फिल्म ने मनोज कुमार को दूसरा नया नाम भारत कुमार दे दिया। यूं तो मनोज कुमार का असली नाम हरिकिशन गोस्वामी था। लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने मनोज कुमार और भारत कुमार के नाम से परचम फहराया। उन्होंने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दी। जिनमें उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी, हिमालय की गोद में, पत्थर के सनम, नील कमल, पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान, दो बदन, क्रांति जैसी कामियाब फिल्में हैं। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे। जब भी उनके गीत बजेंगे वो याद आएंगे दिलों में धड़केंगे। तुम्हें कैसे कहें अलविदा भारत कुमार तुम दिल में थे, हो और इस धरती पर हमेशा रहोगे और पीढ़ियां दर पीढ़ियां तुम्हें फक्र से याद करेंगी ।


## जीवन मंत्र

# भीतर-बाहर का फर्क

सत्ता के कण-कण में जो प्रकाशमान हैं, वह हैं राम। राम दशरथ और कौशल्या के पुत्र हैं। संस्कृत में दशरथ का अर्थ होता है, दस रथों वाला- यह हमारी पांच कर्मेंद्रियों और पांच ज्ञानेंद्रियों का प्रतीक है।

संस्कृत में 'रा' का अर्थ है- जो प्रकाशमान है और 'म' का अर्थ है- मैं, यानी हमारे अंदर जो ज्योति प्रकाशमान है, वह हैं राम। सत्ता के कण-कण में जो प्रकाशमान हैं, वह हैं राम। राम दशरथ और कौशल्या के पुत्र हैं। संस्कृत में दशरथ का अर्थ होता है, दस रथों वाला- यह हमारी पांच कर्मेंद्रियों और पांच ज्ञानेंद्रियों का प्रतीक है। कौशल्या का अर्थ है- कुशलता। दस रथों का कुशल सारथी ही राम को जन्म दे सकता है। जब पांच कर्मेंद्रिय और पांच ज्ञानेंद्रिय कुशलतापूर्वक व्यवहार में लाई जाती हैं, तब अंदर से प्रकाश का उदय होता है। राम का जन्म अयोध्या में हुआ। संस्कृत में अयोध्या का अर्थ है- वह जगह, जहां युद्ध नहीं हो सकता। जब हमारे मन में द्वंद्व नहीं होता, तब प्रकाश उदय होता है। राम के भाई लक्ष्मण जन्मे सुमित्रा से। सुमित्रा, अर्थात अच्छी मित्र। जब तुममें पाचों कर्म की इंद्रियां और पाचों ज्ञानेंद्रियां मिलकर काम करेंगी, तो सजगता पैदा होगी, तुम प्रकाशवान होगे। प्रायः हम अपने भीतर प्रकाश खोजने की कोशिश करते हैं। जानो कि तुम प्रकाश हो।

अक्सर लोग कहते हैं, 'बाहर भी वैसे ही रहो, जैसे अंदर हो।' मैं पूछता हूं, यह कैसे संभव है? भीतर तुम एक अपार सागर हो, अनंत आकाश। बाहर तुम सीमित हो, एक छोटा सा सीमित आकार; सीमितताओं और दोषों के साथ एक साधारण व्यक्ति !



जो सब तुम्हारे अंदर हैं- प्रेम, सौंदर्य, अनुकंपा, दिव्यता, वे बाहर से पूरी तरह दिखाई नहीं देते। जो नजर आता है, वह है सिर्फ व्यवहार की ऊपरी परत। स्वयं से पूछो, 'क्या मैं सचमुच आचरण का प्रतिरूप हूं? क्या मैं सचमुच इस सीमित शरीर / मन का सम्मिश्रण हूं?'नहीं। तुम अंदर वही नहीं हो, जो तुम बाहर हो। बाहरी खोल को वह समझने की गलती न करो कि तुम भीतर भी वही हो। और अपनी अनंत प्रभुता का प्रदर्शन न करो, क्योंकि दिव्यता आसानी से समझी नहीं जाती। थोड़ा सा रहस्य रहने दो।अपने अंदर ज्ञान को कायम रखने की चिंता न करो। जब ज्ञान विवेक बनकर तुममें समा जाएगा, वह तुम्हें कभी नहीं छोड़ेगा। विवेक हृदय में समा जाता है। ईश्वर को अपना प्रियतम बना लो। जीवन का यही प्रथम कार्य है और अंतिम भी। अपने हृदय को एक सुरक्षित स्थान में रखो, यह बहुत कोमल है। घटनाएं, छोटी-छोटी बातें इस पर गहरा प्रभाव डालती हैं। हृदय को सुरक्षित व मन को स्वस्थ व पवित्र रखने के लिए तुम्हें ईश्वर से बेहतर और कोई स्थान नहीं मिलेगा। जब तुम अपना हृदय ईश्वर को दे देते हो. समय और घटनाएं तम्हें छ नहीं सकेंगी।

## जीवन ऊर्जा

रवीन्द्र प्रभात : जन्म- 5 अप्रैल, 1969

जन्म

# स्पर्श हमारा भावनात्मक बल है

रवीन्द्र प्रभात का जन्म 5 अप्रैल, 1969 को महींद्वारा गाँव, सीतामढ़ी जनपद, बिहार के एक मध्यमवर्गीय ब्राह्मण परिवार में हुआ। हिन्दी के लोकप्रिय कवि, कथाकार और मुख्य ब्लॉग विश्लेषक हैं। रवीन्द्र प्रभात अंतर्जाल पर सक्रिय लेखकों में अग्रणी और चर्चित हैं। वह हिन्दी कवि, कथाकार, उपन्यासकार, व्यंग्यकार, स्तंभकार, सम्पादक और ब्लॉग विश्लेषक हैं। उन्होंने लगभग सभी साहित्यिक विधाओं में लेखन किया है।

आप रातोरात अपनी पत्नी को नहीं बदल सकते, अपने बच्चों को नहीं बदल सकते, अपने सहयोगियों/सहकर्मियों अथवा मित्रों को नहीं बदल सकते मगर स्वयं को बदल सकते हैं। कोशिश करके देखिये आप बदलेंगे,तो अपने आप यह समूह भी बदल जाएगा। यदि कोई दुखी है, पीड़ित है और उसके कंधे पर हाथ रख दिया जाए, तो निश्चित रूप से उसकी पीड़ा कम हो जाएगी। रोते हुए बच्चे को मां या फिर किसी सगे के द्वारा गोद में उठा लेना और संस्पर्श पाकर बच्चे का चुप हो जाना यह दर्शाता है कि स्पर्श हमारा भावनात्मक बल है। दुनिया को देख पाना एक सुखद आश्चर्य है, मगर उससे भी बड़ा आश्चर्य है अपने भीतर मौजूद असीमित संभावनाओं को देखना, जिससे दुनिया को खूबसूरत बनाया जा सके। हमारे पास सुनने की क्षमता है। हम बादलों के अट्टहास सुन सकते हैं, चिड़ियों के कलरव भी। हम दुनिया को भी सुन सकते हैं और मन की आवाज़ भी। मगर अद्भुत है मन की आवाज़ सुनना। जब आदमी रोता है, तब वह सबसे सच्चा होता है। यदि एक ब्लॉगर नई पीढ़ी को समुचित ज्ञान देने के बिना मर जाता है, तो उसका ज्ञान व्यर्थ है। अरे हम हरिजन हैं तो क्या हुआ, हैं तो इंसान ही न। लोकतंत्र में उन्हें मनमानी करने की छूट और हमें अपने ढंग से जीने का अधिकार भी नहीं, क्यों? समाज से घृणा घृणा कब होगा इस घृणा का अंतः सबको रोटी, सबको कपड़ा, सबको मिले मकान, तब हम खुलकर कह पायेंगे, 'भारत मेरा महान।



ब्लॉगिंग अभिव्यक्ति का एक ऐसा माध्यम है जो अन्य सभी माध्यमों से सशक्त है,तो शायद किसी को न अतिश्योक्ति होगी और न शक की गुंजाईश ही। उन्होंने इंटरनेट की दुनिया में भी हिंदी की साख बनाने में अहम् योगदान दिया है। हिन्दी ब्लॉगिंग का इतिहास लिखने वाले वे पहले इतिहासकार हैं। साहित्य के अलग-अलग रूपों के ज़रिए समाज के उस चेहरे को उकेरा है, जो सामने होते हुए भी लज्जा के लिहाफ़ में छिपा रहता है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# समय की महिमा और अर्जुन की परीक्षा

तुलसीदास जी का दोहा 'तुलसी नर का क्या बड़ा, समय बड़ा बलवान।' यह स्पष्ट करता है कि व्यक्ति की शक्ति, ज्ञान और प्रतिष्ठा से भी अधिक प्रभावशाली समय होता है। समय ही मनुष्य को महान बनाता है और समय ही उसे असहाय कर सकता है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह सिद्ध करने के लिए विष्णु पुराण में एक कथा मिलती है, जब महाभारत के महान धनुर्धर अर्जुन, जो कौरव सेना को पराजित कर चुके थे, कुछ भीलों से हार गए। यह घटना तब हुई जब श्रीकृष्ण के देहत्याग के बाद यदुवंश का विनाश हो चुका था।

श्रीकृष्ण ने अपने धाम जाने से पूर्व अर्जुन को द्वारका की स्त्रियों और उनकी संपत्ति को हस्तिनापुर ले जाने का दायित्व सौंपा। अर्जुन जब इन स्त्रियों और अपार धन-संपदा को लेकर द्वारका से निकले, तो मार्ग में कुछ भील और लुटेरे इस काफिले को देखकर लालच में आ गए।

अर्जुन ने अपने पराक्रम से उन्हें डराने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। तब



अर्जुन ने गांडीव उठाकर अपने दिव्यास्त्रों का प्रयोग करना चाहा, लेकिन यह देखकर वे अचंभित रह गए कि उनके मंत्र काम नहीं कर रहे थे। उनके दिव्यास्त्र निष्क्रिय हो चुके थे।

भीलों ने अर्जुन को पराजित कर दिया और द्वारका की स्त्रियों और धन-संपदा को लूटकर चले गए। अर्जुन इस अपमानजनक हार से अत्यंत दुखी थे और महर्षि वेदव्यास के पास पहुंचे।


महर्षि वेदव्यास ने अर्जुन को समझाया कि उनकी सारी शक्तियाँ श्रीकृष्ण के कारण थीं। जब तक श्रीकृष्ण उनके साथ थे, तब तक वे अजेय थे। अब श्रीकृष्ण के जाने के साथ उनकी दिव्य शक्तियाँ भी चली गईं। वेदव्यास ने अर्जुन को यह भी बताया कि अब युग परिवर्तन हो चुका है। अर्जुन का कार्य पूर्ण हो गया है और अब उनके अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोजन समाप्त हो चुका है। इसलिए उन्हें अब संसार की मोह-माया छोड़ देनी चाहिए।

अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण की अंतिम आज्ञा का पालन करते हुए उनके प्रपौत्र वज्रनाभ को यदुवंशियों का राजा बना दिया। बाद में, पांडवों ने स्वर्गारोहण कर लिया और वज्रनाभ को मथुरा मंडल का शासक बना दिया।

यह कथा हमें यह सिखाती है कि मनुष्य कितना भी महान क्यों न हो, समय के आगे वह असहाय हो सकता है। शक्ति, बुद्धि और सामर्थ्य सब समय के अधीन हैं। इसलिए हमें समय की महिमा को समझकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

## शख्सियत — जगजीवन राम

# भारतीय राजनेता तथा भारत के प्रथम दलित उप-प्रधानमंत्री



जगजीवन राम (5 अप्रैल 1908-6 जुलाई 1986) जिन्हें सहपूर्ण रूप से बाबूजी भी कहा जाता था, एक भारतीय राजनेता तथा भारत के प्रथम दलित उप-प्रधानमंत्री एवं एक महान स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता, संविधान सभा के सदस्य थे। बाबू जगजीवन राम के जीवन के कई पहलू हैं। उनमें से ही एक है भारत में संसदीय लोकतंत्र के विकास में उनका अमूल्य योगदान। 28 साल की उम्र में ही 1936 में उन्हें बिहार विधान परिषद् का सदस्य नामांकित कर दिया गया था।

जब गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 के तहत 1937 में चुनाव हुए तो बाबूजी डिप्रेस्ड क्लास लीग के उम्मीदवार के रूप में निर्विरोध एमएलए चुने गए। अंग्रेज़ बिहार में अपनी पिट्ठू सरकार बनाने के प्रयास में थे। उनकी कोशिश थी कि जगजीवन राम को लालच देकर अपने साथ मिला लिया जाए। उन्हे मत्री पद और पैसे का लालच दिया गया, लेकिन जगजीवन राम ने अंग्रेज़ों का साथ देने से साफ इनकार कर दिया। उसके बाद ही बिहार में काग्रेस की सरकार बनी, जिसमें वह मत्री बने। साल भर के अंदर ही अंग्रेज़ों के गैरजिम्मेदार रुख के कारण महात्मा गांधी की सलाह पर काग्रेस सरकारों ने इस्तीफा दे दिया।

बाबूजी इस काम में सबसे आगे थे। पद का लालच उन्हें छू तक नहीं गया था। बाद में वह महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आन्दोलन में जेल गए। जब मुंबई में 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की तो जगजीवन राम वहीं थे। तय योजना के अनुसार उन्हें बिहार में आंदोलन को तेज करना था, लेकिन दस दिन बाद ही उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया।बाबूजी ने वर्ष 1920 में आराह स्थित अग्रवाल विद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु प्रवेश लिया । आयु वृद्धि के साथ ही उनमें परिपक्वता का भी समावेश हो रहा था । उनकी विदेशी भाषाओं को समझने व सीखने की जिज्ञासा के बल पर उन्होंने अंग्रेज़ी में निपुणता हासिल की, साथ ही माननीय श्री बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित 'आनन्द मठ' की मूल पुस्तक (जो बांगाली में लिखित है) को पढ़ने के लिए बांगाली तक सीख गए ।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय आने पर जगजीवन राम को वहाँ जाति के आधार पर भेद भाव झेलना पड़ा । क्रांतिकारी स्वाभाव के जगजीवन ने इसका खुल कर विरोध किया और वे सफल भी हुए। आतंरिक विज्ञान परीक्षा में वे उत्तम अंकों से उत्तीर्ण हुए व वर्ष 1931 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक में उच्चतम अंकों से उत्तीर्ण हुए ।वर्ष 1934 में जब सम्पूर्ण बिहार भूकंप की तबाही से पीड़ित था तब बाबूजी ने बिहार की मदद व राहत कार्य के लिए अपने कदम बढ़ाए । बिहार में ही पहली बार उनकी मुलाकात उस काल के सबसे महत्त्वपूर्ण, प्रभावशाली व अहिंसावादी स्वतंत्रता सेनानी माननीय श्री मोहन दास करमचन्द गाँधी अर्थात् महात्मा गाँधी से हुई । महात्मा गाँधी ने बाबू जगजीवन राम के राजनीतिक जीवन में एक बहुत अहम भूमिका निभाई।

## अपने विचार



यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने जल्दबाजी में इस विधेयक को पेश किया और पारित किया, जो उचित नहीं है। अब जब यह पारित हो गया है, अगर सरकारें इसका दुरुपयोग करती हैं, तो बीएसपी मुस्लिम समुदाय के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

**-मायावती**, बसपा सुप्रीमो



भाजपा चाहती है कि वक्फ बिल लाने से मुस्लिम समुदाय को लगे कि उनके हक को मारा जा रहा है, वो उद्वेलित हों और भाजपा को ध्रुवीकरण की राजनीति करने का मौका मिल सके। वक्फ बिल भाजपा की नकारात्मक राजनीति की एक निंदनीय साजिश है।

**-अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख



पार्टी के वरिष्ठ नेता का दावा है कि भाजपा के आते ही स्कूलों की फीस भी बढ़नी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बिजली कटौती के बाद अब मिडिल क्लास पर दूसरा बड़ा प्रहार किया है।

**-सौरभ भारद्वाज**, नेता,आप पार्टी



महाराष्ट्र में मराठी के लिए आंदोलन करना गलत नहीं है. यहां तक कि सरकार भी मानती है कि मराठी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए. लेकिन अगर कोई कानून अपने हाथ में लेता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए.

**-देवेंद्र फडणवीस**, सीएम, महाराष्ट्र

**अपने विचार**
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार)।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी तीन समर स्पेशल ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने जानकारी दी।

## मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक एसी स्पेशल

ट्रेन संख्या 09183 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी एसी स्पेशल प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से 22 .50 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 10 .30 बजे वाराणसी पहुंचेगी। यह ट्रेन 09 अप्रैल से 25 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09184 वाराणसी-मुंबई सेंट्रल एसी स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को वाराणसी से 14 .30 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार को 04 .20 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूंडला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोंगांव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, प्रतापगढ़, जंघई जं. और भदोही स्टेशनों पर रुकेगी।



## बांद्रा टर्मिनस - बढ़नी साप्ताहिक स्पेशल

ट्रेन संख्या 09043 बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी स्पेशल प्रत्येक रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 00 .05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08 .00 बजे बढ़नी पहुंचेगी। यह ट्रेन 13 अप्रैल से 29 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक सोमवार को बढ़नी से 13 .30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23 .50 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 14 अप्रैल से 30 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, दहानू रोड, वापी, वलसाड, सूरत, सायण, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी जं. और गोंडा जं. स्टेशनों पर रुकेगी।

## वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल

ट्रेन संख्या 09195 वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार को 19.00 बजे वडोदरा से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20 .45 बजे मऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन 7 अप्रैल, 2025 से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09196 मऊ-वडोदरा सुपरफास्ट स्पेशल मऊ से प्रत्येक मंगलवार को 23 .45 बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार को 00 .45 बजे वडोदरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 अप्रैल, 2025 से 1 जुलाई, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में दाहोद, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, ईदगाह आगरा जं., टूंडला, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस और औंड़िहार स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09195 का गोधरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा।

# बीकेसी में एमपीसीबी को मिलेगा नया पर्यावरण भवन

▶▶ एमएमआरडीए ने भूमि आवंटन को दी मंजूरी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल (एमपीसीबी) को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के जी-ब्लॉक में स्थित प्लॉट क्रमांक सी-79 पर प्रशासनिक भवन 'पर्यावरण भवन' के निर्माण के लिए भूमि आवंटन की मंजूरी दे दी है। एमएमआरडीए की 159वीं प्राधिकरण बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में यह प्रस्ताव पारित किया गया। यह निर्णय सतत शहरी विकास और भूमि प्रबंधन के प्रभावी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस फैसले से एमपीसीबी को अपने प्रशासनिक कार्यों में और अधिक दक्षता मिलेगी।



### पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी मजबूती

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस फैसले को पर्यावरण संरक्षण के लिए ₹महत्वपूर्ण कदम₹ बताया। उन्होंने कहा कि यह नया प्रशासनिक कार्यालय एमपीसीबी को अधिक प्रभावी रूप से कार्य करने और पर्यावरणीय योजनाओं को लागू करने में मदद करेगा। हमारी सरकार पर्यावरण के अनुकूल विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### सुविधाजनक भुगतान योजना

एमपीसीबी को अतिरिक्त निर्मित क्षेत्रफल (बिल्ट-अप एरिया) की पात्रता भी दी गई है। भूमि आवंटन की राशि को दो चरणों में भुगतान करने की सुविधा दी गई है: 25% राशि दो महीने के भीतर और 75% शेष राशि आगामी दस महीनों में।

### एमएमआरडीए की प्रतिबद्धता

उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह निर्णय महाराष्ट्र में सुव्यवस्थित शहरी विकास और सतत प्रगति को दर्शाता है। बीकेसी में बनने वाला पर्यावरण भवन एमपीसीबी के कार्य को और अधिक सशक्त बनाएगा। एमएमआरडीए ऐसे सभी प्रोजेक्ट्स का समर्थन करता रहेगा, जो मुंबई को हरित और सुव्यवस्थित बनाने में योगदान देंगे।

### पर्यावरणीय कार्यों में होगी प्रभावशीलता

महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने बताया कि बीकेसी को एक प्रमुख व्यावसायिक और प्रशासनिक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना के तहत 'पर्यावरण भवन' की स्थापना महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि एमपीसीबी के नए प्रशासनिक भवन से पर्यावरणीय कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी, जिससे प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास के लिए बेहतर समन्वय संभव होगा।

# अग्निशमन सप्ताहः केडीएमसी फायर ब्रिगेड की प्रदर्शनी से जागरूकता

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

फायर ब्रिगेड सप्ताह के तहत केडीएमसी फायर ब्रिगेड द्वारा जन जागरूकता के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी को नागरिकों और स्कूली विद्यार्थियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान फायर ब्रिगेड के नवीनतम उपकरणों का प्रदर्शन, सोसायटियों में जागरूकता अभियान और साइकिल रैली जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आधारवाड़ी स्थित मुख्य फायर स्टेशन में प्रदर्शनी शुरू हो चुकी है और आने वाले दिनों में सभी फायर स्टेशनों में इसी तरह की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। प्रदर्शनी में आग बुझाने, दुर्घटना राहत कार्यों और लिफ्ट में फंसे लोगों को निकालने वाले उपकरणों का प्रदर्शन किया गया है। उपस्थित फायर ब्रिगेड कर्मी आगंतुकों को इन उपकरणों की जानकारी भी दे रहे हैं।

**अग्नि सुरक्षा साइकिल रैली का आयोजन**

6 अप्रैल को सुबह 7 बजे मुख्य फायर स्टेशन से अग्नि सुरक्षा साइकिल रैली निकाली जाएगी। यह रैली दुर्गादी चौक, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, मुरबाड रोड, बिड़ला कॉलेज, खडकपाड़ा होते हुए वापस मुख्य फायर स्टेशन पहुंचेगी। फायर ब्रिगेड ने नागरिकों से इसमें भाग लेने की अपील की है।

# जिला परिषद सीईओ रोहन घुगे ने किया उल्हास नदी का निरीक्षण

▶▶ जलकुंभी हटाने और महिला समूहों को रोजगार देने की योजना

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

उल्हास नदी में प्रदूषण कम करने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रोहन घुगे ने महारल, वरप और कांबा क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों को जल संरक्षण से संबंधित प्रस्ताव सरकार को भेजने के निर्देश दिए। जिला परिषद प्रशासन ने नदी से जलकुंभी हटाकर उसे सजावटी वस्तुओं में बदलने की योजना बनाई है। इस परियोजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण देकर यह कार्य सौंपा जाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ भी मिलेगा।



### 100 दिवसीय कार्य योजना की समीक्षा

मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने अंबरनाथ पंचायत समिति का दौरा कर 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।

# प.रेलवे पर रविवार को दिवसकालीन ब्लॉक नहीं




**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा 05/06 अप्रैल, 2025 (शनिवार/रविवार) के बीच की मध्यरात्रि को बोरीवली और राम मंदिर स्टेशनों के बीच अप स्लो लाइन एवं डाउन फास्ट लाइन पर 00.15 बजे से 04:15 बजे तक 04.00 घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान बोरीवली और अंधेरी के बीच अप स्लो लाइन की ट्रेनें अप फास्ट लाइन पर चलाई जाएंगी। इसलिए, ये ट्रेनें प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण राम मंदिर स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। ब्लॉक के कारण, कुछ अप एवं डाउन ट्रेनें निरस्त रहेंगी और कुछ ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा।

▶▶ बोरीवली एवं राम मंदिर स्टेशनों के बीच पश्चिम रेलवे का रात्रिकालीन ब्लॉक

# जन शिकायत निवारण में पश्चिम रेलवे अव्वल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और शिकायत निवारण प्रणाली की दक्षता को साबित करते हुए भारतीय रेल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे द्वारा शिकायतों के निपटान को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। ये शिकायतें रेल मदद ऐप के विभिन्न जन शिकायत प्लेटफॉर्मों पर दैनिक आधार पर प्राप्त होती हैं तथा वरिष्ठ रेल अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर इनकी बारीकी से निगरानी की जाती है। इन निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप पश्चिम रेलवे तीव्र गति से शिकायतों का निवारण करने में सक्षम रही है और इससे पश्चिम रेलवे को वर्ष 2023-24 के लिए शिकायत निवारण दक्षता सूचकांक (GREI) 0.96 के स्कोर के साथ सभी जोनल रेलवे के बीच शीर्ष स्थान हासिल हुआ है।

### शीर्ष स्थान प्राप्त करने का आधार

विनीत ने आगे बताया कि शिकायत निवारण दक्षता सूचकांक (GREI) के संबंध में पश्चिम रेलवे पिछले पांच वर्षों से भारतीय रेल में नंबर एक स्थान पर रही है। भारतीय रेल पर रेल मदद शिकायतों में पश्चिम रेलवे की हिस्सेदारी फरवरी 2025 तक 4.97% थी जबकि अप्रैल 2024 में यह 8.29% थी, जो कि 40% की भारी कमी दर्शाती है। यद्यपि पश्चिम रेलवे का भौगोलिक क्षेत्र उन यात्रियों को शामिल करता है जो अधिक जागरूक और अपेक्षा रखने वाले हैं, फिर भी इस क्षेत्र में प्रति मिलियन यात्रियों पर सबसे कम शिकायतें हैं। अप्रैल 2024 में प्रति मिलियन यात्रियों पर शिकायतें 36% की कमी के साथ 219 से घटकर फरवरी 2025 में 141 हो गई है। पिछले 5 वर्षों के दौरान पश्चिम रेलवे का GREI स्कोर वर्ष 2022-23, 2021-22, 2020-21, 2019-20, 2018-19 में क्रमशः 0.95, 0.92, 0.99, 0.73 और 0.90 रहा। पश्चिम रेलवे का औसत निपटान/लंबित समय भी भारतीय रेल में सबसे कम रहा है।

### 'वॉर रूम' और तत्काल प्रतिक्रिया प्रणाली

विनीत ने बताया कि पश्चिम रेलवे ने सभी छह मंडलों में रेल मदद सेवा के लिए एक ₹वॉर रूम₹ स्थापित किया है, जो वास्तविक समय के आधार पर यात्रियों की शिकायतों या मुद्दों की निगरानी और रेस्पॉन्स देता है। पश्चिम रेलवे वर्ष 2023 में 1170 मिलियन से अधिक यात्रियों से प्राप्त लगभग 47120 शिकायतों का निवारण किया, जो पश्चिम रेलवे द्वारा वहन किए गए कुल यात्रियों का सिर्फ 0.0040% है। वर्ष 2024 में लगभग 1247 मिलियन यात्रियों और 41680 शिकायतों का निवारण करते हुए ये शिकायतें वहन किए गए कुल यात्रियों का 0.0033% तक रह गई हैं। पश्चिम रेलवे पर प्राप्त समस्याओं और शिकायतों के आधार पर स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित जांच और निरीक्षण किए हैं।

# महाट्रांसमिशन में पहली बार 60 मीट्रिक टन क्षमता वाला वेट ब्रिज स्थापित

▸▸ स्क्रैप तौल और बिक्री प्रक्रिया में आएगी पारदर्शिता

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महा ट्रांसमिशन कंपनी के वाशी मंडल ने स्क्रैप संग्रहण और बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। महाट्रांसमिशन के इतिहास में पहली बार, कलवा कॉम्प्लेक्स में 60 मीट्रिक टन क्षमता वाला अत्याधुनिक डिजिटल वजन मापने वाला प्लेटफॉर्म स्थापित किया गया है।



### स्क्रैप तौल और नवीनीकरण की चुनौतियाँ

पुराने एम.एस., जी.आई. और कंडक्टरों की तौल करना चुनौतीपूर्ण था, जिससे स्क्रैपिंग प्रस्ताव तैयार करने और पुराने कंडक्टरों के पुनः उपयोग में कठिनाई होती थी। अब इस नई डिजिटल वजन प्रणाली से वजन प्रक्रिया को स्वचालित किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी।

### वेट ब्रिज के लाभ

- स्क्रैप तौल एवं विक्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता
- जंक एमएस, जीआई माल, कंडक्टरों का सही वजन और उचित मूल्य निर्धारण
- स्क्रैप हटाने की प्रक्रिया में तेजी
- वजन के दौरान बाहरी हस्तक्षेप को रोकना
- कंपनी की समग्र आय में वृद्धि

### वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ सफल क्रियान्वयन

इस परियोजना को सफलतापूर्वक लागू करने में निदेशक (संचालन) सतीश चव्हाण और मुख्य अभियंता महेश भागवत का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। साथ ही, कलवा डिवीजन के अधीक्षक अभियंता विजय अवारे, कार्यकारी अभियंता संतोष भुजबल और अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता परेश पवार के प्रयासों से यह योजना सफलतापूर्वक पूरी हुई।

# ठेके में पारदर्शिता के लिए ठाणे में 'टेंडर ऑन मेरिट' अभियान शुरू

**ठाणे।** सरकारी ठेकों में भ्रष्टाचार और पक्षपात को खत्म करने के उद्देश्य से ठाणे में 'टेंडर ऑन मेरिट' अभियान की शुरुआत की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता अजय जेया ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। सरकारी ठेके अक्सर कुछ विशिष्ट ठेकेदारों को ही दिए जाने के आरोप लगते हैं। माना जाता है कि इसके पीछे अधिकारियों और नेताओं की मिलीभगत होती है। टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और ईमानदार ठेकेदारों को अवसर दिलाने के लिए यह आंदोलन शुरू किया गया है। अजय जेया ने बताया कि मीडिया, उच्च न्यायालय और सरकारी संस्थाओं में कई शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन कानूनी प्रक्रिया में अक्सर यह कहा जाता है कि शिकायतकर्ता को ₹प्रभावित पक्ष₹ होना चाहिए। इस वजह से बाहरी व्यक्ति की शिकायतों को अदालत में ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती। इस समस्या को हल करने के लिए योग्यता के आधार पर निविदा - कोई भ्रष्टाचार नहीं, केवल उच्च गुणवत्ता अभियान की शुरुआत की गई है।

- ईमानदार ठेकेदारों को मिलेगा समर्थन
- भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी टीम गठित

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा।

**वृष** – अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन** – वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कारोबार से लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय बनी रहेगी।

**कर्क** – काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। इच्छाशक्ति प्रबल करें। फालतू खर्च होगा।

**सिंह** – डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या** – नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा।

**तुला** – भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** – राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु** – रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा।

**मकर** – समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। मातहतों का साथ नहीं मिलेगा।

**कुंभ** – पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी।

**मीन** – सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।


# शुभ ग्रह हमेशा शुभ नहीं होते (पति पत्नी में अलगाव के ज्योतिषीय कारण )

ज्योतिषीय नियम है कि कुंडली में अशुभ ग्रहों से अधिष्ठित भाव के बल का ह्रास और शुभ ग्रहों से अधिष्ठित भाव के बल की समृद्धि होती है। जैसे, मानसागरी में वर्णन है कि केन्द्र भावगत बृहस्पति हजारों दोषों का नाशक होता है। किन्तु, विडंबना यह है कि सप्तम भावगत बृहस्पति जैसा शुभ ग्रह जो स्त्रियों के सौभाग्य और विवाह का कारक है, वैवाहिक सुख के लिए दूषित सिद्ध हुआ हैं।

यद्यपि बृहस्पति बुद्धि, ज्ञान और अध्यात्म से परिपूर्ण एक अति शुभ और पवित्र ग्रह है, मगर कुंडली में सप्तम भावगत बृहस्पति वैवाहिक जीवन के सुखों का हंता है। सप्तम भावगत बृहस्पति की दृष्टि लग्न पर होने से जातक सुन्दर, स्वस्थ, विद्वान, स्वाभिमानी और कर्मठ तथा अनेक प्रगतिशील गुणों से युक्त होता है, किन्तु 'स्थान हानि करे जीवा' उक्ति के अनुसार यह यौन उदासीनता के रूप में सप्तम भाव से संबन्धित सुखों की हानि करता है। प्रायः शनि को विलंबकारी माना जाता है, मगर स्त्रियों की कुंडली के सप्तम भावगत बृहस्पति से विवाह में विलंब ही नहीं होता, बल्कि विवाह की संभावना ही न्यून होती है। यदि विवाह हो जाये तो पति-पत्नी को मानसिक और दैहिक सुख का ऐसा अभाव होता है, जो उनके वैवाहिक जीवन में भूचाल आ जाता हैं। वैद्यनाथ ने जातक पारिजात, अध्याय 14, श्लोक 17 में लिखा है, 'नीचे गुरौ मदनगे सति नष्ट दारौ' अर्थात् सप्तम भावगत नीच राशिस्थ बृहस्पति से जातक की स्त्री मर जाती है। कर्क लग्न की कुंडलियों में सप्तम भाव गत बृहस्पति की नीच राशि मकर होती है। व्यवहारिक रूप से उपयरुक्त कथन केवल कर्क लग्न वालों के लिए ही नहीं है, बल्कि कुंडली के सप्तम भाव अधिष्ठित किसी भी राशि में बृहस्पति हो, उससे वैवाहिक सुख अल्प ही होते हैं। एक नियम यह भी है कि किसी भाव के स्वामी की अपनी राशि से षष्ठ, अष्टम या द्वादश स्थान पर स्थिति से उस भाव के फलों का नाश होता है। सप्तम से षष्ठ स्थान पर द्वादश भाव- भोग का स्थान और सप्तम से अष्टम द्वितीय भाव- धन, विद्या और परिवार तथा उनसे प्राप्त सुखों का स्थान है। यद्यपि इन भावों में पाप ग्रह अवांछनीय हैं, किन्तु सप्तमेश के रूप में शुभ ग्रह भी चंद्रमा, बुध, बृहस्पति और शुक्र किसी भी राशि में हों, वैवाहिक सुख हेतु अवांछनीय हैं। चंद्रमा से न्यूनतम और शुक्र से अधिकतम वैवाहिक दुख होते हैं। दांपत्य जीवन कलह से दुखी पाया गया, जिन्हें तलाक के बाद द्वितीय विवाह से सुखी जीवन मिला।

पुरुषों की कुंडली में सप्तम भावगत बुध से नपुंसकता होती है। यदि इसके संग शनि और केतु की युति हो तो नपुंसकता का परिमाण बढ़ जाता है। ऐसे पुरुषों की स्त्रियां यौन सुखों से मानसिक एवं दैहिक रूप से अतृप्त रहती हैं, जिसके कारण उनका जीवन अलगाव या तलाक हेतु संवेदनशील होता है। सप्तम भावगत बुध के संग चंद्रमा, मंगल, शुक्र और राहु से अनैतिक यौन क्रियाओं की उत्पत्ति होती है।







प्रियंका जैन
9769994439

## यूपी में शंख एयरलाइंस का आगाज




**गोरखपुरः** नागरिक और उड्डयन मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद शंख एयरलाइंस बहुत जल्द गोरखपुर और लखनऊ एयरपोर्ट से गोवा, पुणे और अहमदाबाद के लिए उड़ान भरने को तैयार है। एयरलाइंस से जुड़े अधिकारियों ने इसके लिए एयरपोर्ट की स्थिति का जायजा लेना शुरू कर दिया है। वहीं, एयरपोर्ट निदेशक से मिलकर जून 2025 माह के आखिरी सप्ताह से उड़ान के लिए जरूरी प्रक्रियाओं पर बातचीत भी की है। एयरलाइन के अधिकारी गुरदीप सिंह शुक्रवार को गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने एयरपोर्ट डायरेक्टर आर के पाराशर से मिलकर गोरखपुर से उड़ान संबंधित आवश्यकताओं पर बात की।

## केदारनाथ हेली सेवा के लिए 8 अप्रैल से शुरू होगी बुकिंग



**देहरादूनः** उत्तराखंड चारधाम की यात्रा 30 अप्रैल से शुरू हो रही है। लेकिन हेली सेवाओं का संचालन दो मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही शुरू किया जाएगा। जिसको देखते हुए बाबा केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया 8 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। जिसके लिए यूकाडा और आईआरसीटीसी ने तैयारियां पूरी कर ली है। ऐसे में हेली सेवाओं की बुकिंग के लिए जल्द ही आईआरसीटीसी को वेबसाइट से लिंक किया जाएगा। इसके बाद 8 अप्रैल ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## बन्ना गुप्ता के सचिव के ठिकानों पर छापेमारी



**जमशेदपुरः** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निजी सचिव के ठिकाने पर छापामारी की गई है। इस मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान घोटाले के मामले में उन्होंने कई बार आवाज उठाई। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्रालय और उससे जुड़े लोगों पर भी कार्रवाई हो सकती है। जमशेदपुर में पूर्व स्वाथ्य मंत्री के निजी सचिव के ठिकाने पर कार्रवाई मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के जदयू विधायक ने कहा कि उन्होंने इसे विधानसभा सभा सत्र में भी उठाया था। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में झारखंड स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े लोग भी जांच के दायरे में हैं। जेडीयू विधायक ने कहा कि कोरोना काल में आयुष्मान योजना में सबसे अधिक घोटाला हुआ है।

## पबजी ने ले ली जान

पटना : बिहार में एक बार फिर से पबजी ने जान ले ली है। पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाके से यह मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने पबजी गेम खेलने से रोकने पर आत्महत्या कर ली। पत्नी से हुई झड़प के बाद युवक ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मृतक की पहचान दिल्ली के रहने वाले 25 वर्षीय विकाश कुमार के रूप में की है। विकाश और उसकी पत्नी मनिता कुमारी का विवाह महज एक साल पहले हुआ था। वे दोनों पटना सिटी के पहाड़ी मोहल्ले में किराए के मकान में रहते थे।

## पुलिस ने तीन नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**गया:** बिहार के गया के इमामगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े गए नक्सलियों से पूछताछ कर रही है। गया में सीआरपीएफ, एसटीएफ, एसएसबी और जिला पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन गया के नक्सल प्रभावित इमामगंज थाना क्षेत्र में चला। पुलिस ने गंगटी इलाके से तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया। इन नक्सलियों की निशानदेही पर कादरीगंज के तिलाठी पहाड़ी स्थित जंगल में छापेमारी हुई।

# हाईटेक होगी हाथरस की जेल

## कारागार में होगी हाई सिक्योरिटी बेकरी, ब्रेकरी व कुटीर उद्योग

एजेंसी | हाथरस

हाथरस में इगलास रोड पर गांव बीछिया के निकट जिला कारागार का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह कारागार आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। करीब 184 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस कारागार के भवन का निर्माण अगले साल फरवरी तक पूरा किया जाना है। फिलहाल इसका 26 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। कारागार में कुल 1026 कैदियों को रखने की क्षमता होगी। इसमें डबल स्टोरी बैरक का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें पुरुषों के साथ महिला व किशोर सुधार गृह के लिए भी बैरक तैयार हो रही हैं। कारागार में गो पालन के लिए गोशाला का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही चक्की घर, बेकरी, कुटीर उद्योगों के लिए वर्क शेड के अलावा गेस्ट हाउस का भी निर्माण किया जा रहा है। करीब 14 एकड़ की जगह खेती के लिए छोड़ी जा रही है। पानी की आपूर्ति के लिए बाकायदा भूमिगत और अवर जलाशय का निर्माण हो रहा है। जल निकासी के लिए भी यहां आधुनिक सुविधाएं होगी। इसके लिए यहां एसटीपी प्लांट की स्थापना होगी। इसमें गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर उससे मिलने वाले स्वच्छ पानी का प्रयोग खेती व अन्य कार्यों के लिए किया जाएगा। कैदियों के लिए साधारण और वेस्टर्न शौचालय भी हर बैरक में होंगे। दिन और रात के प्रयोग के लिए अलग-अलग शौचालय होंगे। जिला कारागार के भवन का निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है। मानक के अनुरूप करीब 26 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। फरवरी 2026 तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।-एके राही, अधिशासी अभियंता, भवन खंड लोनिवि, अलीगढ़।

### सुरक्षा की दृष्टि से भी हाईटेक होगा कारागार



हाथरस के कारागार में डबल लेयर की सुरक्षा होगी। इसमें बाहरी दीवार करीब 1.8 मीटर ऊंची होंगी, जिन पर कांटे लगे होंगे। इसके बाद भीतरी दीवारें 6.7 मीटर यानी करीब 22 फुट ऊंची होंगी। इसमें आम बैरक के साथ ही 12 कैदियों की क्षमता वाली हाईसिक्योरिटी बैरक भी होगी, जिसमें कई प्रकार के आधुनिक सुरक्षा इंतजाम होंगे।

### इस तरह हो रहा कारागार का निर्माण

- 120 कैदियों की क्षमता वाले कुल छह बैरक होंगी कारागार में।
- 60 कैदियों की क्षमता की एक महिला बैरक होगी।
- 60 कैदियों की क्षमता की किशोर सुधार गृह की बैरक होगी।
- 60 कैदियों की क्षमता की क्वारंटीन बैरक होगी।
- 60 कैदियों की क्षमता की एक रिजर्व बैरक होगी।
- 54 बिस्तर वाला एक अस्पताल भी होगा।

### जल्द बनेगी जिला कारागार जाने वाली सड़क

वर्तमान में इगलास रोड से गांव बीछिया जाने वाला रास्ता काफी जर्जर है। जिला कारागार का निर्माण पूर्ण होने से पहले इस सड़क का निर्माण भी जिला प्रशासन की ओर से कराया जाएगा, जिसका सीधा फायदा इस मार्ग पर बसे गांवों के लोगों को मिलेगा।

### चहारदीवारी के साथ बैरकों की भी बनने लगी छत

करीब 64 एकड़ भूमि पर बनाए जा रहे जिला कारागार की चहारदीवारी बन चुकी है। इसमें बैरक आदि भवनों के निर्माण के लिए पिलर लगाकर छत बनाने का काम पूरा किया जा रहा है। करीब 26 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। यहां दिन के साथ रात में भी निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# राहुल गांधी को हाईकोर्ट से झटका

- सावरकर विवाद में याचिका खारिज
- निचली अदालत के समन के खिलाफ याचिका खारिज



एजेंसी | प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बड़ा झटका दिया है। वीर सावरकर पर विवादित बयान देने के मामले में निचली अदालत द्वारा जारी समन को खारिज करने की उनकी याचिका अदालत ने अस्वीकार कर दी है।

### क्या है मामला?

वादी नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 नवंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के अकोला में वीर सावरकर को लेकर कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। आरोप है कि राहुल गांधी ने सावरकर को 'अंग्रेजों का पेंशनर' बताया और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान किया। अदालत में हाजिरी माफी की अर्जी पर दो सौ रुपये का हर्जाना भी लगाया गया था।

### सत्र अदालत में पुनरीक्षण याचिका का विकल्प

राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें समन जारी कर दो सौ रुपये का हर्जाना लगाया गया था। हालांकि, न्यायालय ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए कहा कि वे सत्र अदालत में पुनरीक्षण याचिका दाखिल कर सकते हैं, इसलिए इस मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत राहत नहीं दी जा सकती।

## जूस विक्रेता के आधार-पैन से करोड़ों का कारोबार

- आयकर विभाग ने भेजा 7.79 करोड़ का नोटिस

एजेंसी | अलीगढ़

सराय रहमान निवासी रईस, जो दीवानी कचहरी में जूस का स्टॉल लगाते हैं, को आयकर विभाग ने 7.79 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा। यह नोटिस 22 मार्च को प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें पता चला कि उनके आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग किसी 'खान ट्रेडर्स' नामक जीएसटी पंजीकृत फर्म द्वारा किया गया है।

### साइबर टीम कर रही जांच



इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और साइबर टीम को जांच में शामिल किया है। आशंका है कि यह किसी बड़े साइबर ठग गिरोह की साजिश हो सकती है, जो कर चोरी और साइबर धोखाधड़ी में लिप्त है। पुलिस ने सभी संबंधित मोबाइल नंबरों और दस्तावेजों की पूरी जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

### आयकर व जीएसटी विभाग से मांगी गई रिपोर्ट

जांच अधिकारियों ने आयकर व जीएसटी विभाग से भी इस मामले की पूरी जानकारी मांगी है। सीओ तृतीय अभय पांडेय के अनुसार, पूरी रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ होगा कि यह व्यक्तिगत ठगी है या किसी संगठित साइबर गिरोह की करतूत।

## लखनऊ को सीएम योगी की सौगात

### 800 एकड़ में सात हजार करोड़ की आवासीय योजना लांच

एजेंसी | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्रि के अवसर पर लखनऊवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) द्वारा विकसित की जा रही अनंत नगर आवासीय योजना के पंजीकरण प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत 800 एकड़ क्षेत्र में सात हजार करोड़ रुपए की लागत से हाईराइज अपार्टमेंट और प्लॉट विकसित किए जाएंगे।

### ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने की प्राथमिकता



कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं देकर ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देना है। 20 साल बाद लखनऊ में इस स्तर की आवासीय योजना शुरू की जा रही है, जिससे हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। अनंत नगर योजना के तहत 100 एकड़ से अधिक क्षेत्र को एजुकेशन हब के लिए आरक्षित किया गया है। इसमें प्री-प्राइमरी से लेकर मेडिकल और टेक्निकल एजुकेशन तक की सुविधाएं एक ही परिसर में मिलेंगी।सीएम योगी ने कहा कि निर्धारित समयसीमा से पहले सस्ती आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी है।

## बिहार में 4 मुस्लिम नेताओं ने छोड़ा नीतीश कुमार का साथ

**पटना।** राज्यसभा में वक्फ बिल पास होने के बाद बिहार में जदयू में उथल-पुथल मच गई है। इस मुद्दे पर नाराज होकर जदयू के चार मुस्लिम नेताओं ने पार्टी छोड़ने का ऐलान किया है। हालांकि, पार्टी ने इन नेताओं के जदयू से जुड़े होने के दावे को खारिज कर दिया है। इस्तीफा देने वालों में जदयू के अल्पसंख्यक मोर्चा के कथित प्रदेश सचिव मो. नवाज मलिक, जदयू नेता कासिम अंसारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शहनवाज आलम और प्रदेश महासचिव मोहम्मद तबरेज सिद्दीकी अलीग शामिल हैं। तबरेज सिद्दीकी ने अपना इस्तीफा सीधे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेज दिया है। पार्टी प्रवक्ता ने इन नेताओं के जदयू से जुड़े होने से इनकार किया है। जदयू के अनुसार, मो. कासिम अंसारी पूर्वी चंपारण में जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष होने का दावा कर रहे हैं, जबकि नवाज मलिक खुद को अल्पसंख्यक मोर्चा का सचिव बता रहे हैं। लेकिन पार्टी ने इन पदों को मान्यता देने से इंकार कर दिया है।

## उत्तराखंड में 18 नए औषधि निरीक्षक नियुक्त

### लंबे समय से खाली पड़े थे पद, अब मिले नए अधिकारी

एजेंसी | देहरादून

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) के पद खाली थे, जिससे पूरे राज्य में सिर्फ 3-4 अधिकारी ही निरीक्षण का कार्य संभाल रहे थे। इस समस्या को देखते हुए सरकार ने गढ़वाल और कुमाऊं में 18 नए औषधि निरीक्षकों की तैनाती की है।

### नकली दवाओं पर लगेगा अंकुश



देहरादून और हरिद्वार में पिछले कुछ समय से नकली दवाओं के पकड़े जाने के कई मामले सामने आए हैं। नए निरीक्षकों की तैनाती से इस तरह के मामलों पर सख्ती से अंकुश लगाया जा सकेगा। सरकार का लक्ष्य गैर-कानूनी रूप से बिकने वाली और घटिया गुणवत्ता की दवाओं को रोकना है। इन नियुक्तियों से राज्य में फार्मास्यूटिकल सप्लाई चेन की मॉनिटरिंग बेहतर होगी और औषधि नियंत्रण व्यवस्था अधिक प्रभावी बन सकेगी।

### स्वास्थ्य सचिव ने दी जानकारी

स्वास्थ्य सचिव आर. राजेश कुमार ने बताया कि यह नियुक्तियां चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा लोक सेवा आयोग, उत्तराखंड के माध्यम से की गई हैं। सभी नए निरीक्षकों को दो वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है और तत्काल कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।




# सेंसेक्स 930 अंक गिरकर 75,364 के स्तर पर बंद

- निफ्टी में 345 अंक की गिरावट रही
- ट्रम्प के बयान से फार्मा शेयर 7% तक टूटे

एजेंसी | मुंबई

सेंसेक्स 4 अप्रैल को 930 अंक (1.22%) की गिरावट के साथ 75,364 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 345 अंक (1.49%) की गिरावट रही, ये 22,904 के स्तर पर बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडाइसेज में निफ्टी मेटल इंडेक्स करीब 6.56% टूटा। फार्मा, रियल्टी और आईटी इंडेक्स में करीब 4% की गिरावट रही। ऑटो, मीडिया इंडेक्स में करीब 3% की गिरावट रही।

### अमेरिकी बाजार 6% तक गिरा

- एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 2.75%, कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 0.86% की गिरावट है। चीन का बाजार किंगमिंग फेस्टिवल के कारण बंद है।
- 3 अप्रैल को अमेरिका का डाउ जोन्स 3.98%) गिरकर 40,545 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स में 4.84% की गिरावट रही। नैस्डेक कंपोजिट 5.97% गिरा।
- 3 अप्रैल को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 2,806 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 221.47 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### बाजार में गिरावट के तीन कारण




ट्रम्प का रेसिप्रोकल टैरिफ: अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत के अलावा चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा। विदेशी निवेशकों की बिकवाली: फॉरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स (FII) लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। यह बिकवाली बाजार में दबाव बढ़ाने का एक प्रमुख कारण हो सकती है, खासकर अगर निवेशक अन्य बाजारों की ओर रुख कर रहे हों। आर्थिक अनिश्चितता: वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और अमेरिकी GDP के 2025 की पहली तिमाही में 2.8% तक गिरने के अनुमान से निवेशकों का भरोसा कम हुआ है। इससे स्टॉक मार्केट में अस्थिरता बढ़ रही है।

### फार्मा पर अलग कैटेगरी के तहत टैरिफ लगाएंगे ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फार्मा सेक्टर पर अलग कैटेगरी के तहत टैरिफ लगाने के बयान के बाद इस सेक्टर के शेयरों में बिकवाली है। ट्रम्प ने कहा, ‘मुझे लगता है कि फार्मा में टैरिफ उस स्तर पर आने वाला है, जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। हम अभी फार्मा पर विचार कर रहे हैं... यह एक अलग कैटेगरी है, और हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे।

# गिरते बाजार में भी HDFC में 2% की रही तेजी

- FY25 की चौथी तिमाही में डिपॉजिट और लोन ग्रोथ बढ़ी
- जेफरीज ने बाय रेटिंग मेंटेन रखी

एजेंसी | मुंबई

मुंबई। देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक HDFC के शेयर में आज (4 अप्रैल) को 2% से ज्यादा की तेजी रही। शेयर ने 1,841 रुपए का डे हाई बनाया। हालांकि ये 1.22% चढ़कर 1,816 रुपए पर बंद हुआ। गिरते बाजार में भी शेयर निफ्टी 50 इंडेक्स में तीसरा सबसे बड़ा गेनर रहा। दरअसल, वित्त वर्ष 2025 की (जनवरी-मार्च) तिमाही में बैंक के डिपॉजिट और लोन बुक में बढ़ोतरी हुई है।

### HDFC के शेयर में तेजी के कारण




**डिपॉजिट में उछाल:** बैंक का डिपॉजिट Q4 FY25 में 27.15 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें सालाना आधार पर 14.1% की ग्रोथ है। पिछली तिमाही के मुकाबले ये 5.9% ज्यादा है।

**लोन ग्रोथ में तेजी:** बैंक का ग्रॉस एडवांसेज 26.44 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, इसमें सालाना 5.4% और तिमाही आधार पर 4% की ग्रोथ है।

**जेफरीज की बाय रेटिंग:** ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने भी HDFC की बाय रेटिंग को मेंटेन रखा है। फर्म ने शेयर का टारगेट प्राइज 2,120 रुपए रखा है।

### तीसरी तिमाही में मुनाफा 2.2% बढ़ा

देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक HDFC का वित्त वर्ष 2025 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 2.2% बढ़कर 16,736 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में ये 16,372.5 करोड़ रहा था। HDFC बैंक की कमाई एनालिस्टों के अनुमान से ज्यादा रही है। विश्लेषकों ने 16,650 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा होने का अनुमान लगाया था।

## रुपया डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 85.25 पर

**मुंबई।** शुल्क संबंधी व्यापार चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने के कारण रुपया अपनी शुरुआती बढ़त खोकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 85.25 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कारोबार के दौरान रुपये ने कमजोर अमेरिकी डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के कारण बढ़त हासिल की। हालांकि कमजोर घरेलू बाजारों और विदेशी कोष की निकासी ने रुपये की तेज बढ़त को रोक दिया। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.64 पर रहा।

## गवर्नर के हस्ताक्षर वाले नोट जारी करेगा आरबीआई



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के तहत 10 और 500 रुपए के नोट जारी करेगा, जिन पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 10 और 500 रुपए के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। नए नोट जारी होने के बावजूद रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए गए 10 रुपए और 500 रुपए मूल्य वर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने पिछले महीने गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपए के बैंक नोट जारी करने की घोषणा की थी।

## मझगांव डॉक के शेयर में 6% से ज्यादा की गिरावट

- कंपनी में 4.83% हिस्सेदारी बेच रही सरकार
- 7 अप्रैल तक खुला रहेगा OFS

एजेंसी | मुंबई

जहाज बनाने वाली सरकारी कंपनी मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स के शेयर में आज (4 अप्रैल को) 6% से ज्यादा की गिरावट है। ये अभी 180 रुपए गिरकर 2,555 रुपए पर कारोबार कर रहा है। दरअसल भारत सरकार, मझगांव डॉक में अपनी 4.83% हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए बेच रही है। ये 4 से 7 अप्रैल तक चलेगा। कंपनी में सरकार की कुल हिस्सेदारी 84.8% है।

### रिटेल निवेशक 2,5254 रुपए में बोली लगा सकते हैं



इस OFS में सरकार अभी 2.83% शेयर (1.14 करोड़ शेयर) बेच रही है। इसके बाद सरकार अतिरिक्त 2% हिस्सेदारी भी बेच सकती है। निवेशकों के लिए इसका फ्लोर प्राइज 2,5254 रुपए है जो कल के क्लोजिंग प्राइस (2,735.45 रुपए) से 7.7% कम है।

### 1 महीने में 18.52% चढ़ा शेयर

मझगांव डॉक का शेयर पिछले 5 दिन में 3.32% गिरा है। वहीं पिछले एक महीने में शेयर ने 18.52% का रिटर्न दिया है। पिछले 6 महीने में में 25% से ज्यादा के रिटर्न दे चुका है। कंपनी का मार्केट कैपिटल 1.03 लाख रुपए है।

आईपीएल में आज 2 डबल हेडर

# पंजाब के घर में होगा राजस्थान का इम्तिहान

एजेंसी । मुल्लांपुर

शनिवार को आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब ने अब तक खेले गए दोनों मुकाबले जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि राजस्थान रॉयल्स इस सीजन में पहली बार अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन की अगुआई में मैदान में उतरेगी।

### राजस्थान को जीत के लिए दमदार प्रदर्शन जरूरी

अगर राजस्थान को पंजाब का विजय अभियान रोकना है, तो उसके बल्लेबाजों को बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। संजू सैमसन और रियान पराग से टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों को पंजाब के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने के लिए कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी।

### आमने-सामने

**कुल मैच : 28**

**पंजाब जीता : 12**

**राजस्थान जीता : 16**

### राजस्थान रॉयल्स के लिए बड़ी चुनौती

राजस्थान रॉयल्स इस सीजन में पहली बार अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन के नेतृत्व में खेलेगी। सैमसन उंगली की चोट के कारण शुरुआती तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे, और उनकी गैरमौजूदगी में रियान पराग ने कप्तानी की थी। राजस्थान के लिए सबसे बड़ी चिंता यशस्वी जायसवाल की खराब फॉर्म है। अब तक वह बड़े रन बनाने में नाकाम रहे हैं और मुंबई के एक सीनियर खिलाड़ी के साथ घरेलू क्रिकेट में गोवा की ओर से खेलने की चर्चा में भी रहे हैं। टीम को उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

### श्रेयस अय्यर का शानदार फॉर्म

श्रेयस अय्यर इस सीजन में बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने लगातार दो अर्धशतक जमाए हैं और दो मैचों में 13 छक्के जड़ चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि पिछले साल पूरे सीजन में उन्होंने सिर्फ 16 छक्के लगाए थे। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के अलावा उनकी कप्तानी भी सराहनीय रही है। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल को एक प्रभावी स्पिनर के रूप में इस्तेमाल किया, जो टीम के लिए एक शानदार रणनीति साबित हुई।







### गेंदबाजी और युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन

प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य भी बेहतरीन फॉर्म में हैं और टीम के लिए लगातार रन बना रहे हैं। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह की अगुआई में पंजाब के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे टीम का संतुलन मजबूत नजर आ रहा है।

# खेल : दिल्ली की निगाह जीत की हैट्रिक पर

- चेन्नई के खिलाफ आज चेपक में होगा मुकाबला
- कलाई के स्पिनर कुलदीप और नूर अपनी टीम की जीत में निभा सकते हैं अहम भूमिका



### नंबर गेम

- 9 मुकाबले चेपक में दोनों ने खेले हैं जिसमें से चेन्नई ने सात और दिल्ली ने दो जीते हैं
- 20 रन से हराया था दिल्ली ने चेन्नई को पिछले साल खेले गए एकमात्र मुकाबले में

### आमने-सामने

**कुल मुकाबले : 30**

**दिल्ली जीता : 11**

**चेन्नई जीता : 19**

**नई दिल्ली।** नए कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के घरेलू मैदान चेपक स्टेडियम की स्पिन-फ्रेंडली पिच पर दिल्ली के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई के युवा स्पिनर नूर अहमद के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। चेन्नई की गर्मी में दोपहर बाद खेले जाने वाले इस मुकाबले में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी। कुलदीप यादव का अब तक का इकोनॉमी रेट 5.25 रहा है, जबकि नूर अहमद 6.83 की इकोनॉमी से गेंदबाजी कर रहे हैं। दोनों ही स्पिनर्स मध्य ओवरों में अपनी टीमों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकते हैं। दिल्ली के बल्लेबाजी क्रम को आशुतोष, विप्रज और केएल राहुल की मौजूदगी से मजबूती मिली है। वहीं, फाफ डु प्लेसिस के अनुभव से भी टीम को फायदा मिलेगा, क्योंकि वह चेन्नई के मैदान और परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

# 24 मई को वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे नीरज

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत के दिग्गज भाला फेंक एथलीट और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 24 मई को पंचकुला में आयोजित होने वाली ₹नीरज चोपड़ा क्लासिक₹ में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरेंगे। ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होने वाले इस आयोजन को विश्व एथलेटिक्स ने श्रेणी ए का दर्जा दिया है।




### जेलेजनी बने नीरज के नए कोच, दोहा डायमंड लीग से करेंगे आगाज

नीरज चोपड़ा ने हाल ही में महान भाला फेंक खिलाड़ी जान जेलेजनी को अपना नया कोच नियुक्त किया है। उनके 16 मई को दोहा डायमंड लीग में अपने सत्र की शुरुआत करने की उम्मीद है। पंचकुला में होने वाला यह टूर्नामेंट इस सत्र में नीरज की दूसरी बड़ी प्रतियोगिता होगी।

### विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष ने किया समर्थन

हालांकि, इस प्रतियोगिता को अभी तक विश्व एथलेटिक्स के कॉन्टिनेंटल टूर के तहत सूचीबद्ध नहीं किया गया है। इससे पहले, जनवरी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने इस स्पर्धा का समर्थन करते हुए कहा था कि यह आयोजन भारत की शीर्ष स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की क्षमता को दर्शाएगा।

### नीरज चोपड़ा भी आयोजन समिति का हिस्सा

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की आयोजन समिति में नीरज चोपड़ा भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI) के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि इस टूर्नामेंट से देश की एथलेटिक्स छवि को और मजबूती मिलेगी।

# स्टोन का भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलना संदिग्ध

एजेंसी । लंदन

भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज ओली स्टोन चोटिल होने के कारण लगभग पूरे सीरीज से बाहर हो सकते हैं। 31 वर्षीय स्टोन को यह चोट उनकी काउंटी टीम नॉटिंघमशर के अबू धाबी में अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी।

### घुटने की सर्जरी के कारण 14 हफ्ते रहेंगे बाहर



इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने शुक्रवार को बताया कि ओली स्टोन के दाहिने घुटने में गंभीर चोट लगी है, जिसकी वजह से उन्हें सर्जरी करानी होगी। यह सर्जरी इस सप्ताह के अंत में होगी और इसके बाद उन्हें 14 हफ्तों तक मैदान से बाहर रहना पड़ेगा। स्टोन के साथ-साथ मार्क वुड भी चोटिल होकर टीम से बाहर हो चुके हैं, जिससे इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर हो सकती है।

### स्टोन का करियर और भारत के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति का असर

स्टोन ने अब तक पांच टेस्ट में 17 विकेट लिए हैं और उन्होंने अपना पिछला टेस्ट 2024 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। उनकी गैरमौजूदगी में इंग्लैंड को अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को दोबारा व्यवस्थित करना होगा। भारत का इंग्लैंड दौरा 4 अगस्त तक चलेगा और इस दौरान इंग्लैंड की टीम को अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है।

### क्या इंग्लैंड की गेंदबाजी भारत के खिलाफ कमजोर पड़ेगी?

मार्क वुड और ओली स्टोन की चोटों के कारण इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी गहराई प्रभावित हो सकती है। ऐसे में जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड और अन्य युवा गेंदबाजों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी। क्या इंग्लैंड अपनी गेंदबाजी की कमी को पूरा कर पाएगा या भारतीय बल्लेबाज इस मौके का फायदा उठाएंगे? यह देखना दिलचस्प होगा।

## इटली में होगा होपमैन कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट

**बारी।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने घोषणा की है कि इस साल का होपमैन कप इटली के दक्षिणी शहर बारी में खेला जाएगा। इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। इसका आयोजन विम्बलडन के एक सप्ताह बाद 16 से 20 जुलाई तक किया जाएगा। होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है। इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर यह होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था।

# गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने गिल और नेहरा के मार्गदर्शन को सराहा

एजेंसी । मुंबई

गुजरात टाइटंस के शानदार फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा कि वह मौजूदा आईपीएल में कप्तान शुभमन गिल और मुख्य कोच आशीष नेहरा द्वारा दी गई आजादी का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। सुदर्शन ने बताया कि उनका लक्ष्य रन बनाना और टीम को जीत दिलाने की भूख को बनाए रखना है।

### नेहरा और गिल का समर्थन अहम




सुदर्शन ने कहा, आशु पा (नेहरा) और गिल मुझे बल्लेबाजी की पूरी स्वतंत्रता देते हैं। वे मेरी योजना में हस्तक्षेप नहीं करते, बल्कि मुझे सुधार के लिए सही सलाह भी देते हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, मेरे लिए सबसे जरूरी चीज कल्पना करना और अभ्यास में कड़ी मेहनत करना है। मैं हमेशा अपनी क्षमता को आगे बढ़ाने और खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं। गुजरात टाइटंस के इस युवा बल्लेबाज का कहना है कि वह टीम प्रबंधन द्वारा दी गई आजादी का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं और आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आईओए ने बिहार ओलंपिक संघ में तदर्थ समिति खारिज करने के आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली:** भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) ने दिल्ली उच्च न्यायालय में बिहार ओलंपिक संघ (BOA) के मामलों की देखरेख के लिए तदर्थ समिति के गठन को खारिज करने के आदेश को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने शुक्रवार को आईओए की अपील पर बीओए को नोटिस जारी किया। एकल न्यायाधीश ने 24 फरवरी को बीओए में तदर्थ समिति के गठन के फैसले को खारिज कर दिया था।

## बॉ ली वु ड

# कॉमेडियन रसेल ब्रांड पर रेप के आरोप तय



ब्रिटेन के कॉमेडियन और अभिनेता रसेल ब्रांड पर बलात्कार, मौखिक बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए हैं। उनके ऊपर ये इल्जाम चैनल चार में कई आरोप सामने आने के बाद लगे हैं। उनके खिलाफ साल 2023 में मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने जांच शुरू की थी। 50 साल के कॉमेडियन ने पहले इन दावों से इंकार किया था। अब उन्हें अदालती कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।

### रसेल ब्रांड पर लगे कई इल्जाम

पुलिस ने बताया कि ब्रांड पर बलात्कार के अलावा अभद्र टिप्पणी और मौखिक बलात्कार के एक-एक मामले के साथ-साथ यौन उत्पीड़न के दो मामलों के भी आरोप लगाए गए हैं। रसल एक स्टैंड-अप कॉमेडियन के रूप में अपना करियर बनाने के बाद पॉप स्टार कैटी पेरी के पूर्व पति के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर हुए।

### इस साल लगाए गए थे इल्जाम

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक उनके ऊपर साल 1999 और 2005 के बीच इल्जाम लगाए गए थे। पुलिस ने बताया कि ब्रैंड को 2 मई को लंदन की एक अदालत में पेश होना है। यह मामला सितंबर 2023 में तब प्रकाश में आया, जब ब्रिटिश मीडिया आउटलेट चैनल 4 और संडे टाइम्स ने चार महिलाओं के दावे प्रकाशित किए कि ब्रांड ने उनका यौन उत्पीड़न या बलात्कार किया है। हालांकि अभिनेता ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उनके रिश्ते ₹हमेशा सहमति से₹ थे।

# कैंसर से जंग हारे अभिनेता रविकुमार

## तमिल और मलयालम सिनेमा में दिखाया था अभिनय का दमखम

लोकप्रिय अभिनेता रविकुमार ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। आज शुक्रवार 04 अप्रैल को उनका निधन हो गया है। वे कैंसर के खिलाफ जंग हार गए। शिवकुमार तमिल और मलयालम फिल्मों में अपने यादगार किरदारों से दर्शकों के बीच लोकप्रिय रहे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक उनके निधन की सूचना कलाकारों के एक संगठन ने दी।

### तमिल और मलयालम फिल्मों में किया काम



नादिगर संगम ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर शिवकुमार को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'मलयालम और तमिल सिनेमा में अपने शानदार करियर के लिए मशहूर दिग्गज फिल्म अभिनेता रविकुमार का चेन्नई में निधन हो गया। उन्होंने शुक्रवार सुबह 10:30 बजे अंतिम सांस ली। शिवकुमार का निधन कैंसर के कारण हुआ है'।

### शनिवार को होगा अंतिम संस्कार


अभिनेता का अंतिम संस्कार शनिवार 05 अप्रैल को होगा। शिवकुमार की उम्र 70 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। तमिल में, रविकुमार ने अनुभवी के बालाचंदर द्वारा निर्देशित 'अवर्गल' सहित कई फिल्मों में अभिनय किया। इसमें चर्चित सितारे रजनीकांत और कमल हासन भी थे।

### टीवी की दुनिया में भी किया काम

इसके अलावा 'पागलिल ओरु इरावु' और 'रामना' जैसी फिल्में भी हैं। शिवकुमार की मलयालम फिल्मों में 'अवलुदे रावुकल', 'लिसा', 'सर्पम' और 'अंगाडी' शामिल हैं। अपने जीवन के आखिरी वर्षों में अभिनेता ने कई टीवी सीरियल्स में भी अभिनय किया।

# रजनीकांत की पैन-इंडिया एक्शन फिल्म 'कुली' की रिलीज डेट तय

रजीकांत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कुली' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। रजनीकांत के फैंस को उनकी फिल्म कुली की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। आज निर्देशक लोकेश कनगराज ने सोशल मीडिया पर फिल्म कुली की रिलीज की आधिकारिक घोषणा कर फैंस को खुश कर दिया है।



### लोकेश कनगराज का इंस्टाग्राम पोस्ट

फिल्म कुली का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। लोकेश कनगराज ने अपने इंस्टाग्राम पर रजनीकांत का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर में एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें रजनीकांत सीटी बजाते दिख रहे हैं। और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'देवा आ रहा है, कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में।' एक्शन ड्रामा फिल्म कुली के निर्माताओं ने रिलीज की तारीख बताकर फैंस को खुश कर दिया है। यह फिल्म लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी है। कुली 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सन पिक्चर्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी इसकी रिलीज की जानकारी दी है। एक्स पर लिखा, ₹देवा आ रहा है। कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में रिलीज होगी।₹ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में आमिर खान, नागार्जुन, उपेंद्र, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर, सत्यराज, रेबा मोनिका जॉन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर ने बनाया है।

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/18/2025 दिनांक 01.04.2025**

| क्र. सं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 170 | एसएमपीएस आधारित एकीकृत विद्युत प्रणाली | 8 सेट | 28-अप्रैल-25 |
| 171 | पॉलिमर बफर स्प्रिंग पैक का सेट। | 1503 सेट | 28-अप्रैल-25 |
| 172 | E.70 ब्रेक कंट्रोल यूनिट के लिए किट का सेट | 45 सेट | 28-अप्रैल-25 |
| 173 | फील्ड वीकेनिंग रेसिस्टर का सेट | 18 नग | 28-अप्रैल-25 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं

लाइक करें : facebook.com/WesternRly • फॉलो करें : X.com/WesternRly

## न्यूज़ ब्रीफ

### मणिपुर में 11 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के चार घाटी जिलों से पुलिस ने प्रतिबंधित संगठनों के 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इंफाल पश्चिम, थोबल, इंफाल पूर्व व बिशनपुर जिलों से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी लोग विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के सक्रिय सदस्य हैं। उनमें से एक के पास हथियार भी बरामद किया गया है। मामले की जांच जारी है

### गिरफ्तार अमेरिकी नागरिक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**पोर्ट ब्लेयर।** संरक्षित उत्तरी सेंटीनेल द्वीप में अवैध रूप से प्रवेश करने के मामले में गिरफ्तार अमेरिकी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अमेरिकी नागरिक मिखायलो विक्टोरोविच पोल्याकोव को सीआईडी ने 31 मार्च को संरक्षित क्षेत्र उत्तरी सेंटीनेल द्वीप में प्रवेश करने के मामले में गिरफ्तार किया था। नागरिक के पास प्रवेश संबंधी कोई अनुमति नहीं थी। पुलिस अधिकारी के अनुसार तीन दिन तक पुलिस कस्टडी में रखने के बाद शुक्रवार को उसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### जम्मू - कश्मीर में जनादेश का सम्मान करने का प्रस्ताव

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस व गठबंधन सहयोगियों के विधायक दल की बैठक में जम्मू - कश्मीर में जनादेश का सम्मान करने का प्रस्ताव पास किया गया। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी के गुपकर स्थित आवास पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नेशनल कांफ्रेंस के साथ ही उसके गठबंधन सहयोगी दलों के विधायकों ने भी भाग लिया। बैठक को प्रदेश सरकार व उप राज्यपाल के बीच बढ़ रहे टकराव के अप्रत्यक्ष संदर्भ के रूप में देखा जा रहा है।

### सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की पत्नी की सुरक्षा घटाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम स्व. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सुरक्षा घटा दी है। जानकारी के मुताबिक, गुरशरण कौर को अब जेड-श्रेणी सिक्योरिटी की सुरक्षा मिलेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्र ने समीक्षा के बाद दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सशस्त्र सुरक्षा घटाकर जेड श्रेणी कर दी है। पिछले साल 26 दिसंबर को 92 वर्ष की आयु में दिवंगत हुए पूर्व प्रधानमंत्री के निकटतम परिवार से होने के कारण उन्हें पहले जेड-प्लस श्रेणी की केंद्रीय सुरक्षा दी गई थी। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की तरफ से गुरशरण कौर की सुरक्षा की हाल ही में की गई समीक्षा में उन्हें जेड श्रेणी में रखने का प्रावधान किया गया है, जो सुरक्षा का दूसरा सबसे उच्च स्तर है।

# वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहली याचिका

- कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने दाखिल की अर्जी
- ओवैसी वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, बिल को असांविधानिक करार देने की अपील

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वक्फ संशोधन विधेयक भले ही संसद के दोनों लोकसभा और राज्यसभा से पारित हो गया है। बावजूद इसके विधेयक को लेकर सियासी घमासान थमता नहीं दिख रहा। यही वजह है कि विरोध करने वाले दलों ने कोर्ट का रुख अख्तियार किया है। संसद से पारित वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहली याचिका दायर कर दी गई हैं। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने ये अर्जी दाखिल की है। वहीं कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने इस बिल को अंसवैधानिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि हम वही करेंगे जो संवैधानिक है। जावेद के अलावा तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से चुन कर आने वाले सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी सुप्रीम कोर्ट में इस प्रस्तावित कानून को चुनौती दे रहे हैं। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुस मुस्लिमीन के सांसद ओवैसी ने लोकसभा में इस विधेयक पर लगभग 12 घंटे लंबी चर्चा के दौरान भी इस विधेयक का पुरजोर विरोध किया था। ओवैसी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए इस विधेयक के विरोध में प्रतीकात्मक रूप से बिल की प्रति फाड़ने की बात कही थी।



### ये बिल मौलिक अधिकारों का उल्लंघन- मोहम्मद जावेद

कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। उनका दावा है कि यह मुस्लिम समुदाय के प्रति भेदभावपूर्ण है और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने मंजूरी दे दी है और अब इसे राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार है। ऐसे में कांग्रेस सांसद की याचिका के बाद इसे कानूनी लड़ाई से भी गुजरना होगा।

### कांग्रेस MP प्रमोद तिवारी ने भी बिल को बताया असंवैधानिक

राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक भले ही लोकसभा और राज्यसभा में पारित हो चुका है। लेकिन अभी इसे लंबा रास्ता तय करना है। अभी इस पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने बाकी हैं और फिर इसे कानूनी लड़ाई से भी गुजरना होगा। प्रमोत तिवारी ने आगे कहा कि हम वही करेंगे जो संवैधानिक है। संसद में पारित संशोधन विधेयक असंवैधानिक है।

### डीएमके भी वक्फ बिल को सुप्रीम कोर्ट में देगी चुनौती

इससे पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने भी ऐलान किया है कि डीएमके वक्फ (संशोधन) बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु लड़ेगा और इस लड़ाई में उसे सफलता मिलेगी। उन्होंने याद दिलाया कि 27 मार्च को तमिलनाडु विधानसभा ने वक्फ संशोधन विधेयक को वापस लेने का आग्रह करते हुए प्रस्ताव पारित किया था।

### संसद से कब पारित हुए विधेयक

गौरतलब है कि लोकसभा से वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 तीन अप्रैल को पारित हुआ। दो अप्रैल को चर्चा की शुरुआत के बाद लगभग 12 घंटे की चर्चा हुई। देर रात विधेयक और इसमें प्रस्तावित संशोधनों पर वोटिंग के बाद लोकसभा से यह विधेयक देर रात 1.56 बजे पारित हुआ। इसके समर्थन में 288 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 232 वोट डाले गए। अगले दिन यानी चार अप्रैल को राज्यसभा में विधेयक पारित हुआ। राज्यसभा में तीन अप्रैल को इस विधेयक पर चर्चा की शुरुआत हुई।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही सुनवाई में शामिल होगा यासीन मलिक

- सुप्रीम कोर्ट ने जेल से पेशी की मंजूरी दी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को जम्मू कोर्ट में पेश करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि मलिक गवाहों से जिरह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही कर सकता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जम्मू और तिहाड़ जेल में उपलब्ध



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं की समीक्षा के बाद यह फैसला सुनाया।

सुनवाई के दौरान यासीन मलिक ने कहा कि वह गवाहों से जिरह के लिए कोई वकील नहीं रखना चाहता। सुप्रीम कोर्ट, सीबीआई की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें जम्मू ट्रायल कोर्ट के 20 सितंबर 2022 के फैसले को चुनौती दी गई थी। उस फैसले में मलिक को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश करने का निर्देश दिया गया था।

मलिक पर दो मामलों में सुनवाई चल रही है— पहला, 1990 में श्रीनगर में भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और दूसरा, 1989 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़ा मामला। रुबैया सईद के अपहरण के बदले वीपी सिंह सरकार ने पांच आतंकवादियों को रिहा किया था।

### तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है मलिक

यासीन मलिक को आतंकी फंडिंग मामले में 25 मई 2023 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उसे दो मामलों में उम्रकैद और 10 मामलों में 10 साल की सजा मिली थी। साथ ही, 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। फिलहाल, वह तिहाड़ जेल में बंद है और वहीं से सुनवाई में शामिल होगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू का पुर्तगाल और स्लोवाकिया दौरा, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 7 से 10 अप्रैल तक पुर्तगाल और स्लोवाकिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने जानकारी दी कि राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा भारत और पुर्तगाल के राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। राष्ट्रपति मुर्मु पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर वहां का दौरा



करेंगी। यह यात्रा ऐतिहासिक है क्योंकि 27 साल बाद किसी भारतीय राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा हो रही है। इससे पहले 2020 में पुर्तगाल के राष्ट्रपति डी सूसा भारत आए थे और 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुर्तगाल का दौरा किया था।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह

## सभी वाद को एक साथ जोड़ने के खिलाफ याचिका पर नोटिस जारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल सभी वादों को एक साथ जोड़ने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन समिति ने पिछले साल 23 अक्टूबर



को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है। इस आदेश में हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल सभी मुकदमों को एक साथ जोड़कर सुनवाई करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन शामिल थे, ने मस्जिद समिति और हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन की दलीलों पर विचार करने के बाद मामले में नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

# रेलवे की 4 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी

- 18,658 करोड़ रुपए होंगे खर्च
- महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क का होगा विस्तार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की चार प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को बताया कि



इन परियोजनाओं की कुल लागत 18,658 करोड़ रुपए होगी। इनसे महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में रेलवे नेटवर्क को 1247 किलोमीटर तक विस्तारित किया जाएगा।

### किन परियोजनाओं को मिली मंजूरी?

- संबलपुर - जरापदा (तीसरी और चौथी लाइन)
- झारसुगुड़ा - सासोन (तीसरी और चौथी लाइन)
- खरसिया-नया रायपुर- परमलकसा (5वीं और 6वीं लाइन)
- गोंदिया- बल्हारशाह (दोहरीकरण)

### मल्टी-ट्रैकिंग से बढ़ेगी क्षमता, घटेगी भीड़भाड़

रेल मंत्री ने बताया कि इन विस्तार परियोजनाओं का उद्देश्य रेलवे की लाइन कैपेसिटी बढ़ाना, गतिशीलता में सुधार, एफिशिएंसी बढ़ाना और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट भारतीय रेलवे के व्यस्ततम सेक्शनों पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे। रेल मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं से स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। ये प्रोजेक्ट पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेंगे।

### वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II को भी मिली मंजूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II (VVP-II) को भी मंजूरी दी है। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे रणनीतिक गांवों के व्यापक विकास में मदद करेगा। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II पर कुल 6,839 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह योजना वित्त वर्ष 2028-29 तक लागू होगी और अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती गांवों को कवर करेगी।

## विदेश में असुरक्षित भारतीय छात्र

- 5 साल में हिंसक हमलों के 91 मामले, 30 की मौत

**एजेंसी । नई दिल्ली**



केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा में जानकारी दी कि बीते पांच वर्षों में विदेशों में भारतीय छात्रों पर हिंसक हमलों के 91 मामले सामने आए हैं, जिनमें 30 छात्रों की मौत हो चुकी है। सबसे अधिक 27 हमले कनाडा में हुए, जिनमें 16 छात्रों की जान गई। रूस में 15 घटनाएं दर्ज की गईं, हालांकि कोई मौत नहीं हुई। ब्रिटेन और जर्मनी में क्रमशः 12 और 11 मामले सामने आए, जबकि अमेरिका में 9 हमलों में सभी छात्रों की मौत हो गई। चीन और किर्गिस्तान से भी एक-एक मामला दर्ज किया गया है।

### छात्रों की सुरक्षा प्राथमिकता, विदेश मंत्रालय सतर्क

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास और मिशन इन घटनाओं पर नजर रखते हैं और संबंधित देशों की सरकारों से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं ताकि अपराधियों को सजा मिले। एक अन्य सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और इजरायल के बीच समझौते के तहत मार्च 2025 तक 6,694 भारतीय कामगार वहां गए चुके हैं। इनमें से 2,348 मजदूर बिल्डिंग निर्माण, 1,955 आयरन बेंडिंग, 1,600 प्लास्टरिंग और 791 सिरेमिक टाइलिंग के काम में लगे हैं। सरकार ने बताया कि 5 अगस्त 2024 से 23 मार्च तक बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ 2,400 से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं।

**चुनौती** सोशल मीडिया पर एलन मस्क, सैम ऑल्टमैन और आर्यभट्ट का आधार-पैन कार्ड वायरल

# चैटजीपीटी ने बनाया असली जैसा दिखने वाला फर्जी आधार और पैन कार्ड

- 70 करोड़ से अधिक तस्वीरें 4ओ इमेज जनरेटर के लॉन्च होने के बाद बनी
- 15 करोड़ लोग औसतन हर सप्ताह तस्वीर बनाने के लिए ऑनलाइन रह रहे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) कंपनी ओपनएआई के चैटजीपीटी से असली जैसा दिखने वाला फर्जी आधार और पैन कार्ड बनने लगा है। सोशल मीडिया पर कुछ उपयोगकर्ताओं ने दावा किया है कि उन्होंने चैटजीपीटी के नए इमेज जनरेटर की मदद से फर्जी आधार और पैनकार्ड आसानी से बन रहा। खास बात ये है कि कुछ ऐसे लोगों का आधार और पैनकार्ड वायरल है जो भारत के नागरिक ही नहीं है तो कुछ लोग इस दुनिया में नहीं हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इन तस्वीरों ने एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ा दी है।



### क्रॉसर..

- जीपीटी-4ओ के नेटिव इमेज जनरेशन सिस्टम कार्ड से ये सब हो रहा
- फर्जी आधार और पैन कार्ड से प्रारंभिक स्तर पर धोखाधड़ी संभव है

### विशेषज्ञों ने जताई चिंता

- आईडीएफवाई के चीफ बिजनेस अफसर रिजू रे का कहना है कि आधार कार्ड का सत्यापन तो पहले से मौजूद डाटा के आधार पर संभव है, लेकिन पैनकार्ड और अन्य दूसरे पहचान पत्र का तत्काल सत्यापन और उसकी विश्वसनीयता को जांचना मुश्किल है। ऐसे में प्रारंभिक स्तर पर इसके जरिए कोई भी किसी को चमका दे सकता है।
- पब्लिक पॉलिसी फर्म द क्वांटम हब के रोहित कुमार का कहना है कि डाटा का गलत इस्तेमाल और उसके जरिए धोखाधड़ी न हो इसके लिए सख्त नियम बनाने का वक्त है। एआई के प्रशिक्षण में लोगों की व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल हुआ इसपर संदेह गहरा गया है। समय रहते नहीं संभले तो एक दूसरे पर विश्वास करना मुश्किल होगा।

### मस्क और सैम का आधार कार्ड बनाया

लोगों ने टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन का भी आधार कार्ड साझा किया है जिसमें क्यूआर कोड और आधार नंबर भी दर्ज है। खास बात ये है कि पहली नजर में एआई से बने आधार कार्ड और असली आधार कार्ड में कोई अंतर नहीं दिख रहा है।

### आर्यभट्ट का आधार-पैन बना

हैदराबाद के यशवंत साई ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है जिसमें चैटजीपीटी को कमांड दी गई है कि आर्यभट्ट का आधार कार्ड बनाएं जिसमें निम्न पता लिखें। कमांड देने के चंद सेकंड बाद ही आर्यभट्ट का आधार कार्ड बन गया। इसके बाद पैन कार्ड बनाने को कहा गया और असली पैनकार्ड जैसा दिखने वाला पैनकार्ड भी बन गया।

### तस्वीर बनाने की होड़ लगी

ओपनएआई के अनुसार चैटजीपीटी के 4ओ इमेज जनरेटर के लॉन्च होने के बाद घिबली इमेज जनरेटर से अब तक 70 करोड़ से अधिक तस्वीरें बनी हैं। इसमें घिबली वाली तस्वीरें भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि तस्वीर बनाने की होड़ में लगे लोगों को निजता की ख्याल रखना होगा नहीं बड़ा नुकसान हो सकता है।

### जीपीटी-4ओ कर रहा मदद



जीपीटी-4ओ के नेटिव इमेज जनरेशन सिस्टम कार्ड के जरिए ये सब हो रहा। ओपनएआई ने स्वीकारा है कि ये ये मॉडल डाल-ई मॉडल से ज्यादा खतरनाक हो सकता है। कंपनी ने कहा है कि इसका इस्तेमाल बच्चों की तस्वीर बनाने में न हो ये सुनिश्चित किया गया है। हां ये जरूर है कि ये सटीक और स्पष्ट तस्वीर बनाने में सक्षम है।

### आसानी से धोखाधड़ी संभव

एआई कंपनियों की तकनीक के दुरुपयोग को लेकर निजता को लेकर चिंता बढ़ गई है। जानकारों का कहना है कि तकनीक का गलत इस्तेमाल कर कुछ लोग धोखाधड़ी को अंजाम दे सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अब आधार और पैन कार्ड के इस्तेमाल को लेकर लोगों को सतर्कता बरतनी होगी।

### आखिर ऐसा कैसे संभव

- एआई के प्रशिक्षण में पहचान पत्रों के डाटा का इस्तेमाल हुआ
- एआई को अलग-अलग देशों के पहचान पत्र की जानकारी दी
- लोग एआई के इस्तेमाल में व्यक्तिगत जानकारी साझा कर रहे
- संभव है फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप में मौजूद डाटा में सेंध लग रही
- ई-मेल आईडी के जरिए जरूरी डाटा का गलत इस्तेमाल संभव

### सावधानी ही अंतिम उपाय

- कुछ नया करने की कोशिश में व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें
- तस्वीर बनाने की होड़ में लोग अपनी निजता का भी ख्याल रखें
- तस्वीर अपलोड करते वक्त पूरी गैलरी का एक्सेस देने से बचें
- एआई प्लेटफॉर्म पर कुछ भी करने से पहले उसकी शर्तों को पढ़ें
- उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरों का प्रयोग एआई की ट्रेनिंग में संभव